


# नए साल पर आइए नंदनवन, पक्षी कम, चूहे ज्यादा नजर आएंगे, हालात अब तक नहीं बदले



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नंदन वन पक्षी विहार केवल नाम का पक्षी विहार रह गया है, वास्तव में नंदन वन पक्षी विहार मूषक विहार के रूप में तब्दील हो गया है। नंदन वन में पक्षियों का दीदार करने वाले जाने वाले पर्यटकों को पक्षियों से ज्यादा चूहे दिखाई देते हैं। नंदन वन की अव्यवस्था को लेकर हरिभूमि ने पिछले महीने 30 नवंबर को प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की ▶▶|शेष पेज 13 पर

खास खबर

## आनन-फानन में ले गए थे 38 पक्षी

चूहों के कुतरे जाने से पक्षियों की मौत सामने आने के बाद विभागीय अफसरों के निर्देश पर नंदन वन से चोरी छिपे आनन-फानन में 38 पक्षियों को जंगल सफारी शिफ्ट किया गया।

स्थानीय ▶▶|शेष पेज 13 पर

- नंदन वन में जगह-जगह चूहों ने बना लिए हैं बड़े-बड़े बिल
- घोषणा के बाद भी नंदन वन को सामान्य वन परिक्षेत्र को नहीं सौंपा गया


चूहों के हमले से पक्षियों की मौत, घबराए सफारी प्रबंधन ने आनन-फानन में 38 पक्षियों को शिफ्ट किया

1 दिसंबर 2025 को प्रकाशित खबर

## अब तक सामान्य वन के सुपुर्द नहीं किया गया

नंदन वन पक्षी विहार वर्तमान में वन विभाग वन्जीय के पास है। पक्षियों के चूहों के कुतरने से मौत की घटना सामने आने के बाद पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ ने नंदन वन पक्षी विहार को वन विभाग रायपुर रेंज सामान्य को सौंपे जाने की बात कही थी। पीसीसीएफ की घोषणा के एक माह बाद भी नंदन वन को रायपुर रेंज के सुपुर्द नहीं किया गया है। इसके कारण स्थिति यथावत बनी हुई है।

## खबर संक्षेप

### युवक की हत्या तीन को उम्रकैद

रायपुर। धरसींवा थाना क्षेत्र में पांच वर्ष पूर्व युवक की हत्या करने के आरोप में कोर्ट ने महासमुंद के रहने वाले तीन बदमाशों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश मधुसूदन चंद्राकर की कोर्ट में हुई है। हत्या का कारण लड़कों को मेला देखने आए युवतियों की फोटो खींचने से मना करना है। अतिरिक्त लोक अभियोजक विजय यादव के अनुसार कोर्ट ने भानु प्रताप वर्मा की हत्या के आरोप में दिनेश ठाकुर, योगेश देवांगन, अग्नि ध्रुव उर्फ राकेश को कैद की सजा सुनाई है। पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश केस डायरी के अनुसार 26 अक्टूबर 2020 को देवरी में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के बाद विजया दशमी को रावण दहन के साथ मेला का आयोजन किया गया था। भानु प्रताप अपने दोस्तों के साथ मेला देखने गया था।

# 20 वर्षों से चल रहा महानदी पाटने का काम, पत्थर वेस्ट ने हरियाली भी निगल ली

*अफसरों ने नहीं ली सुध, रोक के बावजूद खदानों में चल रहा खनन का काम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

रायपुर और महासमुंद सीमा से गुजरी महानदी को पाटने का काम पिछले 20 वर्षों से चल रहा है। आरंग क्षेत्र के ग्राम निसदा में महानदी के तटों से 100 मीटर दूर संचालित फर्शी खदानों से निकलने वाला वेस्ट पत्थर एवं मटेरियल को नदी के अंदर डंप करने के साथ खदानों के पास हरे-भरे वन क्षेत्र में इसे डंप किया जा रहा है। इस तरह इन 20 वर्षों के दौरान एक हजार से ज्यादा बड़े वृक्षों के साथ हजारों की संख्या में छोटे पौधे भी खदानों की भेंट चढ़ चुके हैं। हैरानी वाली बात यह है कि इन खदानों के कारण महानदी और पर्यावरण को भारी नुकसान होने की जानकारी होने के बाद भी राज्य और जिला पर्यावरण विभाग के अफसरों ने सुध नहीं ली है। पर्यावरण विभाग ने ग्राम निसदा में ▶▶|शेष पेज 13 पर



### पर्यावरण विभाग के अफसर करेंगे कार्रवाई

खदान में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के मामलों में खनिज विभाग कार्रवाई करता है। महानदी को पाटने एवं पेड़ों को नुकसान संबंधी मामला पर्यावरण विभाग के अंतर्गत आता है। इस मामले में पर्यावरण विभाग के अफसर ही कार्रवाई करेंगे।

\- **राजेंद्र मालवे,** उप संचालक, खनिज विभाग रायपुर

### कार्रवाई किए बिना खनिज-राजस्व पुलिस विभाग की टीम लौटी

निसदा की एक खदान में अवैध रूप से फर्शी पत्थरों की खुदाई एवं कटाई का काम सोमवार को चल रहा था। ग्रामीणों की शिकायत पर आरंग क्षेत्र के राजस्व विभाग, पुलिस और जिला खनिज विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची थी। इस दौरान खदान में कार्य करने वाले सभी मजदूर भाग गए, लेकिन दो कटर मशीन सहित अन्य सामग्री मौके पर ही छोड़ गए। इसके बाद भी किसी भी विभाग के अफसरों ने इन मशीनों एवं सामग्री को जब्ती नहीं बनाया, बल्कि उन्हें वहीं छोड़कर खाली हाथ लौट गए।

### खदान में दोबारा अवैध खनन शुरू

खदान मालिक पर कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण मंगलवार को तड़के 5 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक इस खदान में ठेकेदार ने दोबारा फर्शी खनन व कटाई का काम शुरू करा दिया है, जबकि सभी खदानों को बंद करने का आदेश जारी हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन अवैध खदान और ठेकेदार पर कार्रवाई करना ही नहीं चाहता। यही वजह है कि मौके पर पहुंचने के बाद भी मशीन एवं सामग्री को जब्त नहीं किया गया।

# कैबिनेट आज, पुलिस कमिश्नरी और जमीन गाइडलाइन पुनरीक्षण पर मंथन संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के कैबिनेट की बैठक बुधवार को होगी। कैबिनेट में राजधानी रायपुर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने के संबंध में एक्ट में संशोधन के लिए अध्यादेश पर मुहर लग सकती है।

- मंत्रालय में सीएम साय की अध्यक्षता में सुबह 11.30 बजे होगी

राज्य सरकार द्वारा जमीन गाइडलाइन की दरों में परिवर्तन किए जाने के मामले में आयी आपत्तियों के संबंध में भी कैबिनेट में चर्चा होने की संभावना है। अन्य विभागों के प्रस्तावों पर भी चर्चा के बाद निर्णय लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक सुबह 11.30 बजे नवा रायपुर अटल नगर स्थित मंत्रालय में होगी। बताया गया है कि एक्ट में संशोधन के बाद जनवरी में ही राजधानी में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू होगी। ▶▶|शेष पेज 13 पर



### जमीन गाइडलाइन के पुनरीक्षण दरों पर चर्चा

*सरकार ने सात साल बाद जमीन की गाइडलाइन दरों में बढ़ोतरी की है। नई गाइडलाइन दरों में कई जगहों पर एक हजार फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई, इसका विरोध हुआ और कुछ संशोधन किए गए। साथ ही दरों पर आपत्तियां बुलाई गईं। नई गाइडलाइन दरों पर प्रदेश के ज्यादातर जिलों में आपत्तियां आई हैं। सबसे ज्यादा आपत्तियां चार जिले रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और राजनांदगांव में आई हैं। गाइडलाइन दरों के पुनरीक्षण प्रस्ताव पर बुधवार को कैबिनेट में चर्चा होगी।*



# राशनकार्डों का 85 प्रतिशत सदस्यों का ई-केवायसी पूर्ण, अब एप से भी घर बैठे कर सकते हैं केवायसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में वर्तमान में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 82.18 लाख राशन कार्ड प्रचलित हैं। इन राशन कार्डों में पंजीकृत सदसस्यों की संख्या 2.73 करोड़ है। केन्द्र सरकार के निर्देश पर राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के वास्तविक हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने के उददेश्य से ई-केवायसी का कार्य निरंतर जारी है। अब तक कुल पंजीकृत सदस्यों का 2.3 करोड़ यानी 85 प्रतिशत सदस्यों का ई-केवायसी का काम पूर्ण हो चुका है। वास्तविक रूप से लगभग 30.32 लाख सदस्यों का ई-केवायसी के लिए शेष है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य की सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में संचालित ई-पास मशीन में ई-केवायसी की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा जारी 'मेरा ई-केवायसी' एप्प के माध्यम से भी ई-केवायसी किए जा सकते हैं। एप के माध्यम से ई-केवायसी करने के लिए एंड्रायड मोबाइल में गूगल प्ले स्टोर से एप डाउनलोड कर हितग्राही अपना आधार नंबर डालकर आधार ओटीपी के माध्यम से फेस ई-केवायसी कर सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में 14,040 शासकीय उचित मूल्य की दुकानें संचालित हो रही हैं और पंजीकृत राशन कार्डधारियों द्वारा अपनी पसंद की उचित मूल्य की दुकानों से राशन प्राप्त कर रहे हैं। राशन वितरण को पारदर्शी बनाने के लिए आधार सीडिंग भी किया जा रहा है, जिसके तहत 99.7 प्रतिशत सदस्यों का आधार सीडिंग हो चुका है।

खास खबर

### राशन कार्डों में से 30.32 लाख सदस्यों का ई-केवायसी नहीं



### खाद्यान्न सुरक्षा के दायरे में 2.73 करोड़

अधिकारियों ने बताया कि लगभग 2.73 करोड़ खाद्यान्न सुरक्षा के दायरे में आ चुके हैं, इन्हें नियमित रूप से खाद्यान्न सामग्री उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से वितरित की जा रही है। इनमें प्राथमिकता में शामिल 73 लाख से अधिक परिवारों को निःशुल्क तथा साढ़े आठ लाख गरीबी रेखा से ऊपर जीवन यापन करने वाले परिवारों को रियायती दर पर चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। प्राथमिकता वाले परिवारों को आयरन फोलिक एसिड तथा विटामिन बी-12 युक्त फोर्टिफाइड चावल वितरित किए जा रहे हैं।

### बस्तर संभाग के 402 ग्रामों में निशुल्क वितरण

राज्य सरकार की महत्वकांक्षी नियद नेल्लानार योजना के तहत बस्तर संभाग के 5 जिले बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर एवं कांकेर के चयनित दूरस्त 402 ग्रामों के कुल 42,220 राशन कार्डधारियों को खाद्यान्न, चना, शक्कर, नमक व गुड़ का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### हमारी मानसिक स्थिति में छिपा है बीमारी का मूल कारण : श्रेया दीदी

**रायपुर।** अपने हर विचार के लिए हम स्वयं जिम्मेदार होते हैं। मन की शांति के लिए जरूरी है कि हम सही सोचें। डॉक्टर्स का कहना है कि शरीर की हर बीमारी का मूल कारण हमारी मानसिक अवस्था में छिपा हुआ है, इसलिए किसी बात को मन में दबाकर न रखें, उसे किसी के आगे बताकर हल्के हो जाएं। ये बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मुंबई की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी श्रेया दीदी ने ब्रह्माकुमारीज के प्रशासनिक सेवा प्रभाग द्वारा छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी निमोरा में शासकीय अधिकारियों के लिए आयोजित वर्कशॉप में व्यक्त कीं। इस अवसर पर प्रशासन अकादमी के महानिदेशक सुब्रत साहू, सेवानिवृत्त वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एमके राउत और अशोक अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

### एसआईआर प्रक्रिया एवं चुनावी सुधारों पर हुई सर्वदलीय बैठक



**रायपुर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 51 के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा नगर निगम जोन 4 में आहूत दावा-आपत्ति से संबंधित सर्वदलीय बैठक में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए पार्टी के महासचिव नवीन अग्रवाल ने भाग लिया। बैठक के दौरान श्री अग्रवाल ने राज्य में चल रही विशेष गहन निर्वाचन नामावली (एसआईआर) की प्रक्रिया एवं भारत के चुनावी लोकतंत्र पर पड़ रहे संकट के संबंध में गंभीर चिंता व्यक्त की। श्री अग्रवाल ने कहा, भारत निर्वाचन आयोग का यह महत्वपूर्ण कार्य (एसआईआर) लोकतंत्र के लिए सीधा खतरा है। हमारा लोकतंत्र संकट में है। वह व्यवस्था जो जनता को आवाज देने के लिए बनी थी, आज उसी का दमन करने के लिए इस्तेमाल की जा रही है। उन्होंने पिछले छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के बाद की गई पार्टी की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि जनता कांग्रेस (जे) ने चुनावी सत्यनिष्ठा की चार मूलभूत मांगों के पूरा होने पर ही भविष्य के चुनाव लड़ने का सिद्धांतिक निर्णय लिया था और पार्टी अपने इस प्रण पर कायम है।

### डिप्टी सीएम साव ने पीडब्ल्यूडी विभाग की दो साल की रिपोर्ट पेश की

# छत्तीसगढ़ की सभी सड़कें होंगी गड्ढा मुक्त, मरम्मत के लिए अब नई योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने विभाग की पिछले दो साल की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सड़क निर्माण और मेंटेनेंस के कामों को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए नई योजना शुरू की जाएगी। योजना का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं और गड्ढों से होने वाली परेशानियों को पूरी तरह कम करना है और आम जनता को सुरक्षित और सुगम सड़क सुविधा उपलब्ध कराना है।

संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने बताया कि नई योजना के तहत ओपीआरएमसी स्कीम लागू की गई है। इसमें सड़क के गड्ढों और मरम्मत का काम जिम्मेदार कंपनी को सौंपा जाएगा। अब सड़कें केवल बनाकर छोड़ने का काम नहीं होगा, बल्कि उनके लिए मेंटेनेंस गारंटी भी दी जाएगी। यदि सड़क में किसी प्रकार की खराबी या गड्ढा आता है, तो जिम्मेदार कंपनी को तुरंत सुधार करना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब प्रदेश की सभी सड़कें या तो मेंटेनेंस गारंटी के तहत रखी जाएंगी या फिर ओपीआरएमसी स्कीम में कवर होंगी।

### ओपीआरएमसी स्कीम के तहत गड्ढों का मेंटेनेंस कंपनी को दिया जाएगा



### निर्माण कार्य की गुणवत्ता से समझौता नहीं

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में सड़कों की गुणवत्ता और उसके निर्माण में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हम सड़कों के नियमित मॉनिटरिंग कर रहे हैं और उसके लिए हम सड़क से लेकर सरकार तक की व्यवस्था तैयार की है। जो भी सड़क बनेगी इसकी क्या गुणवत्ता है, इसकी जांच के लिए पदाधिकारी तय किए गए हैं। वो मौके पर जाकर वहां देखेंगे और उसके बाद अपनी रिपोर्ट तैयार करेंगे। सड़क जिस तरीके से बन रही है, उसकी गुणवत्ता की रिपोर्ट भी होगी और उसकी ऑनलाइन मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

### नक्सलवाद मुक्ति के बाद बस्तर में अधोसंरचना पर काम

लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ के विकास में विभाग तेजी से कम कर रहा है। हम त्वरित गति से कम कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के विकास में सड़कों की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसके लिए हम लोगों ने इसकी कार्य योजना तैयार कर रखा है। किस साल में हमें क्या करना है। राज्य में चल रहे काम की जानकारी देते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हम बहुत सारी योजनाओं पर काम कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने इस दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ विकास की राह पर है, नक्सलवाद से मुक्ति के बाद हम इसे और रफ्तार देंगे।

### सड़क और पुलों की होगी सतत मानिटरिंग

डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा, पुलों के निर्माण की गति बढ़े इसमें ढाई करोड़ के पुल के निर्माण के लिए बी श्रेणी के ठेकेदार उसमें भाग ले सकेंगे, इसे नियम में जोड़ा गया है। उन्होंने कहा, इससे प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और पुल के निर्माण के काम में गति आएगी। राष्ट्रीय राजमार्ग में हम एजेंसी होते हैं और हमारे अधिकारी इसमें काम करते हैं। भारत सरकार इसकी स्वीकृति देती है उसकी राशि देती है। उसकी सारी प्रक्रिया भारत सरकार से ही होती है, उसके लिए बहुत बड़ी स्वीकृत हुई है, जो यहां पर काम चल रहा है। नेशनल हाईवे का निर्माण लोक निर्माण विभाग करता है यह पैसा भारत सरकार देती है, लेकिन काम हमारे अधिकारी करते हैं और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया, उसकी मॉनिटरिंग एजेंसी है, उसका मॉनिटरिंग करती है।

# भाजपा के सौ से ज्यादा सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी शहर जिला रायपुर ने मंगलवार को अटल स्मृति सम्मेलन एवं कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें सदस्यता अभियान 2024 में जिस कार्यकर्ता ने 100 से ज्यादा ऑनलाइन सदस्य बनाए थे, ऐसे कार्यकर्ताओं को शतकवीर सम्मान दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं अटल स्मृति कार्यक्रम के राष्ट्रीय संयोजक अरुण सिंह थे।

अरुण सिंह ने कहा, अटल जी एक नेता नहीं राष्ट्र चिन्तक थे जिन्होंने प्रधानमंत्री रहते हुए देश को अनेक प्रकार की जन सामान्य को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं का शुभारंभ किया। श्री सिंह ने कहा, पोकरण परमाणु परीक्षण करने के पश्चात जिस प्रकार से अमेरिका द्वारा प्रतिबंध लगाया गया, उस समय भी अटल जी झुके नहीं और स्वदेशी को बढ़ावा देने की बात की। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उसी का पालन कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कहा, रायपुर के सभी कार्यकर्त्ता कड़ी मेहनत और लगन से हर काम पूरा करने में जुड़ जाते हैं। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर एवं अटल स्मृति सम्मान कार्यक्रम के संयोजक सत्यम दुआ के नेतृत्व में एकात्म परिसर रायपुर में अटल जी की स्मृति में अटल प्रदर्शनी का प्रदर्शन किया गया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य रूप से लद्दाख के पूर्व सांसद जाम्यांग नामग्याल, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, नवीन मार्कंडेय, जगन्नाथ पाणीग्रही, अमित साहू, जिला संगठन प्रभारी राजेंद्र शर्मा, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंग छाबड़ा, श्रीचंद सुंदरानी, छगन मूंदड़ा, सुभाष राव, सच्चिदानंद उपासने, मोहन चोपड़ा, गुंजन प्रजापति, अकबर अली, सुभाष अग्रवाल, नवीन शर्मा, जीतेन्द्र धुरंधर, रोहित द्विवेदी, राजकुमार राठी सहित जिले और मंडलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**प्रामाणिक दस्तावेज प्रस्तुत करने अब तक 3570 को नोटिस**

# एसआईआर में 'सी कैटेगरी' में 133053 मतदाता के नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के तहत एसआईआर के दौरान एक लाख 33 हजार 53 मतदाताओं को कैटेगरी-सी में रखा गया है। इन मतदाताओं ने एसआईआर के फार्म भरकर जमा तो किए हैं, लेकिन वर्ष 2003 में मतदाता होने का प्रमाणिक दस्तावेज जमा नहीं कर पाए हैं। ऐसे मतदाताओं को कैटेगरी-सी में रखकर नोटिस जारी कर प्रमाणिक दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा जा रहा है।

**कैटेगरी-सी के रायपुर पश्चिम में सबसे अधिक 46675 मतदाता**

सातों विधानसभा क्षेत्रों में सबसे अधिक कैटेगरी-सी में 46675 मतदाता रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में मिले हैं। इसी प्रकार धरसींवा में 8896, रायपुर ग्रामीण में 39835, रायपुर नगर उत्तर में 17416, रायपुर नगर दक्षिण में 12495, आरंग में 3531 एवं अभनपुर में 4205 नो-मैपिंग मतदाता चिन्हांकित किए गए हैं।



### एसडीएम ने जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक

एसडीएम रायपुर नंदकुमार चौबे ने मंगलवार को एसआईआर को लेकर भाजपा, कांग्रेस सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त दलों के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। तहसील कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक के दौरान एसडीएम ने सभी जनप्रतिनिधियों को एसआईआर कार्य में सहयोग करने के लिए कहा है, ताकि मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाया जा सके।

### 3570 मतदाताओं को नोटिस कराई गई तामिली

कैटेगरी-सी की सूची में मिले मतदाताओं में से 3570 मतदाताओं को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा नोटिस जारी कर तामिली कराई गई हैं, वहीं शेष मतदाताओं को भी नोटिस भेजने की प्रक्रिया जारी है। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 जनवरी 2026 से जिले में कुल 116 अधिकारियों द्वारा जारी नोटिसों पर सुनवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।




### ग्रामीण अध्यक्ष ने ली बीएलए की बैठक, मतदाता सूची वितरित

# कांग्रेस ने बूथ लेवल एजेंटों को किया सक्रिय, नए नाम जोड़ने घर-घर पहुंचेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के तत्वावधान में बिरगांव में बूथ लेवल एजेंट्स की महत्वपूर्ण बैठक में सभी बूथों की मतदाता सूची उनको वितरित की गई। बीएलए द्वारा मतदाता सूची का विस्तृत परीक्षण किया गया तथा किसी पात्र व्यक्ति का नाम सूची से कट जाने की स्थिति में उसे जोड़ने तथा दावा-आपत्ति दर्ज करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने की।



उन्होंने कहा दावा- आपत्ति दर्ज करने की अंतिम तिथि 22 जनवरी निर्धारित है। सभी बीएलए ने सक्रिय रूप से भाग लेकर मतदाता सूची को मजबूत बनाने का संकल्प लिया, ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न हो। अभियान को जनआंदोलन का रूप दें तथा अधिक से अधिक मतदाताओं तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करें। इस अवसर पर कांग्रेस नेता पंकज शर्मा, बिरगांव नगर निगम के महापौर नंदलाल देवांगन, बिरगांव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष योगेंद्र सोलंकी तथा वरिष्ठ कांग्रेसी सहित बिरगांव नगर निगम के सभी पार्षद उपस्थित थे।

### बूथों में जाकर करेंगे मदद

बैठक में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं ने बीएलए को संगठनात्मक मजबूती तथा आगामी चुनौतियों के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के निर्देशानुसार बिरगांव ब्लॉक सहित पूरे क्षेत्र में मतदाता सूची के विशेष संशोधन अभियान को तेज कर दिया गया है। दावा-आपत्ति की अंतिम तिथि 22 जनवरी को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस के बूथ लेवल एजेंट्स सक्रिय रूप से अपने-अपने बूथों पर जाकर मतदाताओं की हरसंभव मदद करेंगे।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीणों को राशन नहीं मिल पा रहा, केवाईसी में अड़चन बनी बाधा

**मंदिर हसौद।** राजधानी रायपुर के पास स्थित विभिन्न गांव में संचालित उचित मूल्य की दुकान में ग्रामीणों आधार और राशन कार्ड का के वाई सी नहीं होने के कारण उचित मूल्य के राशन दुकान संचालकों द्वारा ग्रामीणों के केवाईसी आधार लिंक नहीं होने के कारण चावल राशन नहीं दिया जा रहा है। जिसमें अधिकांश बच्चों का नाम लिस्ट में है। जिनका आधार और राशन कार्ड से के वाई सी नही हो पाने के कारण राशन दुकान संचालकों द्वारा उनके हक हिस्सा के राशन को काट दिया जा रहा है। वही राशन संचालक से पूछने पर सिस्टम में अपडेट नहीं होना बताते है।

### सद्दू में आतंक फैलाने वाला आरोपी सोनू बैरागी गिरफ्तार

**धरसीवा।** विधान सभा थाने में 28 दिसंबर को प्रार्थी प्रदीप कुमार साहू पिता अमृत लाल साहू एकता चौक सद्दू ने सोनू बैरागी निवासी बीएसयूपी कालोनी सद्दू के द्वारा प्रार्थी एवं उनके दोस्त पूनम चंद को हथियार लेकर मा बहन की गंदी गंदी गली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने के संबंध में लिखित आवेदन पेश करने पर आरोपी सोनू बैरागी के विरुद्ध अपराध पंजी बद्ध कर विवेचना में लेकर प्रार्थी का कथन लिया गया प्रार्थी के निशान देही पर घटना स्थल का निरीक्षण कर नजरी नक्शा तैयार किया गया। थाना प्रभारी शिवेंद्र राजपूत ने बताया कि सूचना पर आरोपी सोनू बैरागी जिसका तुरंत पता तलाश किया गया।

**जयंती :** हर्षोल्लास के साथ मनाई गई संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की जयंती


# मनखे-मनखे एक समान का संदेश विश्व कल्याणकारी : गुरु खुशवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती तिल्दा नेवरा में श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। नगर पालिका गार्डन के पास स्थित सतनामी समाज के गुरुद्वारे में आयोजित इस भव्य समारोह में सतनामी समाज के गुरु बालदास साहेब की विशेष गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा और गुरु खुशवंत साहेब ने जैतखंभ पर पालो चढ़ाकर बाबा की आरती की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर सत्य और समानता का मार्ग दिखाया।







उन्होंने कहा, बाबा का 'मनखे-मनखे एक समान' का संदेश यह बताता है कि सभी मनुष्य एक समान हैं। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को समरसता की राह दिखा रही हैं। उन्होंने समाज के हित में सरकार की प्रतिबद्धता भी दोहराई।

### सभी धर्मों और वर्गों के प्रेरणापुंज हैं बाबा : वर्मा

कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु घासीदास बाबा अब किसी एक वर्ग के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के प्रेरणापुंज बन चुके हैं। उन्होंने कहा, आज जयंती कार्यक्रम में सभी धर्मों और जातियों की उपस्थिति यह सिद्ध करती है कि बाबा का संदेश सामाजिक एकता और भाईचारे को सुदृढ़ कर रहा है। श्री वर्मा ने प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

### शाश्वत चिंतन है सतनाम: गुरु बालदास

सतनामी समाज के गुरु बालदास साहेब ने कहा कि मनखे-मनखे एक समान भारत भूमि का सनातन चिंतन है, जिसमें पूरे विश्व का कल्याण समाहित है। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास जी ने अपनी शिक्षाओं से छत्तीसगढ़ में समानता की जो अलख जगाई थी, वह सर्व मानव समाज के लिए प्रेरणादायक है। इस दौरान उनके साथ गुरु माता भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। समारोह के दौरान कलाकारों ने शानदार पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसके बाद गुरुद्वारे से एक विशाल सम्मान शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। कार्यक्रम में पहुंचने पर अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, अंजय शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष लेमीक्षा गुरु दरिया, महेश अग्रवाल, भाजपा जिला मंत्री विकास कोटवानी, समाजसेवी घनश्याम अग्रवाल, स्वाति वर्मा, धर्मेंद्र डहरिया, राजकुमार गेनडरे, अनिल शर्मा, रानी सौरभ जैन, जीतू माधवानी, सुधा पाण्डेय और पवन अग्रवाल सहित सतनामी समाज के हजारों लोग उपस्थित थे।

## तिल्दा में 30 हजार के गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा नेवरा पुलिस ने एक व्यक्ति को गांजा बेचते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस को गोपनीय सूचना प्राप्त हुई कि तिल्दा कोटा मुख्य मार्ग पर कोटा टैंक के पासअक व्यक्ति थैला में मादक पदार्थ गांजा रखकर विक्रय हेतु ग्राहक तलाश रहा है . खबर मिलते हि पुलिस मौके पर पहुंची और घेरा बंदी कर विधिवत कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुये तलाशी लेने पर आरोपी के पास से एक थैले के अंदर रखा 820 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 30000/रू को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना तिल्दा नेवरा पुलिस द्वारा धारा 20(बी) नारकोटिक एक्ट कायम किया गया।

आरोपी कपील दास मानिकपुरी को माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक रिमांड पर केन्द्रीय जेल रायपुर में दाखिल किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक विधानसभा वीरेन्द्र चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में क्षेत्र में आपरेशन निश्चय चलाया जा रहा है .इसी कड़ी में निरीक्षक रमाकान्त तिवारी थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा के नेतृत्व में एएसआई शंकर लाल वर्मा, जितेन्द्र सोनी, विजेन्द्र निराला किरण वर्मा के द्वारा सफल कार्यवाही किया गया। तिल्दा पुलिस के द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ अवैध शराब पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। वर्ष 2025 में तिल्दा नेवरा पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर कार्यवाही करते हुये एन.डी.पी.एस. के 13 प्रकरण दर्ज कर 14 आरोपियो को गिरफ्तार कर कुल 37 किलोग्राम गांजा जप्त किया गया है। इसी तरह आबकारी एक्ट के तहत कुल 85 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये 188 लीटर अवैध शराब जप्त किया गया है। यह कार्यवाही तिल्दा नेवरा पुलिस के द्वारा लगातार जारी है।

## पेज 11 के शेष...

### नए साल पर आइए नंदनवन, पक्षी कम, चूहे...

थीं। साथ ही जानकारी दी थी कि नंदन वन में चूहों के काटने से पक्षियों की आकाल मौत हो रही है। खबर प्रकाशित होने के बाद वनमंत्री केदार कश्यप के साथ स्थानीय विधायक राजेश मूणत सहित विभागीय अधिकारी नंदन वन की व्यवस्था सुधारने के साथ मौके की पड़ताल करने मौके पर पहुंचे थे। वनमंत्री के निर्देश के बाद भी नंदन वन की स्थिति में अब भी कोई सुधार नहीं हुआ है। नंदन वन के अंदर सैकड़ों की संख्या में चूहों का बिल अब भी मौजूद है। साथ ही पक्षी विहार में पक्षियों के लिए रखे गए दाने चूहे अब भी चट कर रहे हैं। विभागीय अफसरों की नंदन वन में चूहा उन्मूलन करने के साथ ही व्यवस्था सुधारने के दावा पूरी तरह से फेल साबित हुआ है। ऐसे में नंदन वन का आने वाले दिनों में काया कल्प होने के दावे पूरी तरह से गलत साबित होते दिख रहे हैं।

### आनन-फानन में ले गए...

ग्रामीणों के विरोध के बाद जंगल सफारी प्रबंधन ने पक्षियों की शिफ्टिंग रोकी। पक्षी शिफ्ट किए जाने से स्थानीय ग्रामीणों ने जमकर विरोध प्रदर्शन भी किया था।

### 20 वर्षों से चल रहा महानदी पाटने का...

संचालित लगभग 8 से 10 फर्शी खदानों के ठेकेदारों को खनिज विभाग के बाद पर्यावरण विभाग के अफसरों ने नियमों के तहत खनन करने की अनुमति दी थी। ठेकेदारों को अनुमति कई शर्तों के साथ दी गई थी। इसके तहत महानदी और हरियाली को नुकसान नहीं पहुंचाने के साथ नदी और खदानों के आसपास क्षेत्र को और अधिक हरा-भरा बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण किया जाना था, लेकिन कई ठेकेदारों ने इन शर्तों का पालन करना तो दूर, महानदी में ही वेस्ट पत्थरों व मटेरियल को डंप कराने का काम शुरू कर दिया, जिससे नदी के कई तट 200 मीटर तक पट चुके हैं। यही नहीं, इन वेस्ट पत्थरों व मटेरियल के कारण नदी के तटों तथा अंदर लगे हजारों पेड़-पौधे भी दबकर मर चुके हैं।

नदी के अलावा खदानों के आसपास एवं नहर किनारे खाली हरा-भरा वन क्षेत्र की हरियाली भी वेस्ट पत्थर-मटेरियल के डंप किए जाने के कारण खत्म होती जा रही है। इस तरह इस क्षेत्र की वन संपत्ति भी खदानों के कारण धीरे-धीरे खत्म होती जा रही है।

पर्यावरण विभाग के अफसरों ने खदानों को एनओसी तो दे दिया, लेकिन इसके बाद एक बार भी निसदा गांव में संचालित खदानों एवं महानदी का निरीक्षण करने नहीं पहुंचे। यहीं कारण है कि वेस्ट पत्थर-मटेरियल डंप किए जाने के कारण महानदी की चौड़ाई भी लगातार कम होती जा रही है।

### कैबिनेट आज, पुलिस कमिश्नरी और जमीन...

यह तय हो गया है कि आईजी स्तर के अफसर पुलिस कमिश्नर के पद पर रहेंगे। पुराने पीएचक्यू भवन में पुलिस कमिश्नर दफ्तर लगेगा। कमिश्नर के लिए सेटअप भी तैयार हो गया है, जिसे कैबिनेट की बैठक में रखा जाएगा। चर्चा के बाद इसे लागू करने के संबंध में तिथि का भी एलान किए जाने की संभावना है।

## कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने शुरू किया तीसरे चरण का आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

छत्तीसगढ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय एवं जिला ईकाई के आह्वान पर इस विकास खंड के समस्त कर्मचारी-अधिकारीगण विधान सभा चुनाव के पूर्व मोदी की गारंटी के रूप में जारी घोषणा पत्र में सरकार द्वारा किए गए वादे के अनुरूप राज्य के कर्मचारी-अधिकारी एवं पेंशनरों को केंद्र के समान देय दिनांक से महंगाई भत्ता प्रदान करने, पूर्व के लंबित महंगाई भत्ते की एरियर्स राशि को जीपीएफ खाते में समायोजित करने, समस्त कर्मचारी-अधिकारियों को सेवाकाल के दौरान चार स्तरीय समयमान वेतनमान प्रदान करने, अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिन करने,नियुक्त दिनांक से सेवाकाल की गणना करने सहित अपने ग्यारह सूत्रीय लंबित मांगो को लेकर चरणबद्ध आंदोलन के तृतीय चरण में 29 दिसंबर से तीन दिवसीय निश्चित कालीन सामूहिक अवकाश



लेकर जिला मुख्यालय में काम बंद कलम बंद ऑदोलन में भाग लें रहें हैं। फेडरेशन आरंग इकाई के बैनर तले संयोजक माणिक लाल मिश्रा के नेतृत्व में विकास खंड के सैकड़ो कर्मचारी-अधिकारीगण जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन स्थल बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम बुढापारा रायपुर मे तीन दिवसीय निश्चित कालीन ऑदोलन में शामिल हों रहे हैं। ऑदोलन के द्वितीय दिवस जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए संयोजक माणिक लाल मिश्रा ने कहा शासन प्रशासन के उदासीन रवैए के कारण हमें इस ऑदोलन के तृतीय चरण मे निश्चित कालीन अवकाश पर जाना पड़ा है अभी भी समय रहते शासन हमारी नैतिक व जायज मांगो को पूरा करे अन्यथा अगले चरण में अनिश्चितकालीन हड़ताल जैसे कदम उठाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

### ये हुए शामिल

आज के धरना-प्रदर्शन में सहसंयोजक टेपेन्द्र बैस, शैलेन्द्र शुक्ल, महासचिव संतलाल साहू, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार चंद्राकर, लिपिक संघ के अध्यक्ष केशव डहरिया, तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के तहसील अध्यक्ष रामकुमार सिन्हा, छत्तीसगढ़ व्याख्याता संघ से संतोष देवांगन, एस.के. ऊपरडे, राजस्व पटवारी संघ के अध्यक्ष बद्रीप्रसाद टंडन, स्वास्थ्य संयोजक संघ अध्यक्ष धनेश कुमार बघेल, प्रधान पाठक मंच से ओंकार वर्मा, फागूराम देवांगन, रामप्रताप धुर्वे, गुलाब सिंह साहू, पीताम्बर दास मानिकपुरी, विक्की करमिले, शैलेन्द्र सिंह ब्रम्हे, सैकड़ो की संख्या मे कर्मचारी शामिल हुए।

## आरंग में श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का सात दिवसीय आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

- पंडित शंकर महाराज के मुखारविंद से कथा श्रवण
- भजन, हवन और प्रसाद वितरण के साथ होगा समापन

आरंग श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन दुर्गा मंदिर प्रांगण में समस्त मोहल्लावासी महामाया पारा आरंग नगर के सामूहिक तत्वाधान में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। 26 दिसंबर से 1 जनवरी तक भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से कार्यक्रम प्रारंभ होता है जिसमें कथावाचक पंडित शंकर महाराज इटावा क्षेत्र उत्तर प्रदेश वृंदावन वाले के मुखारविंद से श्रद्धालु भक्तों को ज्ञान भक्ति वैराग्य के माध्यम से कथा श्रवण पान कराया जा रहा है। कथा के कथावाचक शंकर महाराज ने परीक्षित जन्म, शुकदेव जन्म, वराह अवतार की कथा, कपिल–देवहुति



संवाद, ध्रुव चरित्र एवं जड़भरत प्रसंग, अजामिल प्रसंग, भक्त प्रहलाद चरित्र एवं नरसिंह अवतार कि कथा तथा गजेंद्र मोक्ष समुद्र मंथन, मोहिनी एवं वामन अवतार, श्रीराम व श्रीकृष्ण जन्म कि कथा आरंग नगर के श्रद्धालु भक्तजनों को सार्भिकता, आध्यात्मिकता, धार्मिकता सरल शब्दों से श्रवण रसपान कराया जा रहा हैं इस कथा में महिलाएं, नवयुवक, बुजुर्ग सभी पहुंच कर कथा का लाभ लेते हुए अपने जीवन को सार्थक कर रहे हैं। त्रिमूर्ति भजन मानस मंडली वार्ड नं. 16 बैहार आरंग संचालक हीरालाल साहू, गायक विजय निषाद, तबला अनूप साहू, आर्गन दीपक केसरवानी, पेड दीपक साहू इन कलाकारों ने दुर्गा मां भजन, कृष्ण भजन, राम भजन, हनुमान भजनो से कथा पंडाल में दर्शकों के मन को उत्साह वर्धन किया जा रहा है। श्रीमद् भागवत कथा का निरंतर प्रवाह 1 जनवरी तक होगा। कथावाचक पं. शंकर महाराज ने बताया श्रीकृष्ण बाललीला, कंश वध, रूक्मिणी विवाह, सुदामा चरित्र, कृष्ण उद्धव संवाद, राजसूय यज्ञ, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा कथा प्रसंग अपने मुखारविंद से श्रद्धालु भक्तजनों में संदेश देंगे। अंतिम दिन 1 जनवरी को गीता सार यज्ञ हवन पूर्णा आहूती सहस्त्र धारा स्नान एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। 2 जनवरी को दुर्गा मंदिर प्रांगण में भव्य भंडारा होगा।

## कवि लक्षवीर को भुवनेश्वर में मिला ग्लोबल अचीवर इंटरनेशनल अवॉर्ड

**अभनपुर।** शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में अभनपुर क्षेत्र का नाम एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है। ग्राम मुंडरा निवासी प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं कवि लक्षवीर बांधे को ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में आयोजित 'इंटरनेशनल साहित्य कॉन्फ्रेंस' में ग्लोबल अचीवर इंटरनेशनल अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान श्री बांधे को लोक साहित्य, छत्तीसगढ़ी संस्कृति के संरक्षण और शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया है। समता साहित्य



अकादमी के तत्वावधान में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में भारत के विभिन्न राज्यों के चुनिंदा शिक्षाविदों, साहित्यकारों और कलाकारों को उनकी प्रतिभा के आधार पर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा गया। लक्षवीर बांधे का साहित्य और कला के प्रति गहरा जुड़ाव रहा है। उल्लेखनीय है कि वे पूर्व में भी शिक्षा, साहित्य और पंथी कला के क्षेत्र में कई प्रतिष्ठित राजकीय व राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त कर चुके हैं। हाल ही में उनका छत्तीसगढ़ी पंथी गीत वीडियो एल्बम 'गिरौदपुरी के चंदन माटी' रिलीज हुआ है, जिसे दर्शकों और समाज द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। श्री बांधे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिली इस बड़ी उपलब्धि पर उनके गृह ग्राम मुंडरा सहित पूरे अभनपुर अंचल में खुशी का माहौल है। उनके प्रशंसकों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## अभनपुर में आयोजित हुई इंटर कॉलेज क्रॉस कंट्री स्पर्धा

**अभनपुर।** नेताजी सुभाष महाविद्यालय बेलभाठा में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के अंतर्गत 29 दिसम्बर को इंटर कॉलेज (पुरुष-महिला) क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में 30 पुरुष एवं 20 महिला खिलाडि़यों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग में मनोज कुमार ने प्रथम हीरा लाल कॉलेज अभनपुर, अर्जुन कोवाची द्वितीय छत्तीसगढ़ कॉलेज रायपुर एवं बुद्धेश्वर पैकरा विवि रायपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महिला वर्ग में धात्री साहू प्रथम विवि कॉलेज रायपुर, दामनी यादव द्वितीय श्यामचरण कॉलेज



धरसीवां एवं तृतीय स्थान पर कांती साहू नेताजी कॉलेज अभनपुर रहीं। कार्यक्रम के अतिथि राधाकृष्ण टंडन एवं रहे, प्रोफेसर सीडी अगासे रहे वही अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. व्ही.के. मिश्रा ने की। समापन अवसर पर विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विनय यादव ने की।

सिलतरा-साकरा समेत उद्योग नगर में विशेष पहरा

# हुड़दंगियों व ढाबों पर जाम छलकाने वालों की अब खैर नहीं, पुलिस का मास्टर प्लान तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

नए साल के स्वागत और 31 दिसंबर की रात होने वाले जश्न को देखते हुए धरसींवा पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। शांति व्यवस्था बनाए रखने और हुड़दंगियों पर लगाम कसने के लिए पुलिस ने एक पुख्ता मास्टर प्लान तैयार किया है।

इस बार पुलिस का सख्त रुख न केवल मुख्य सड़कों पर, बल्कि सिलतरा और साकरा जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में भी देखने को मिलेगा। पुलिस प्रशासन ने साफ तौर पर कहा है कि नये साल का स्वागत मर्यादित तरीके से करें। कानून व्यवस्था का पालन करें और किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की सूचना तत्काल पुलिस को दें साथ ही नशे के अवैध कारोबार और सार्वजनिक स्थानों पर शोर-शराबा करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। विधानसभा रोड और मुख्य मार्गों पर स्थित ढाबों और होटलों की सघन जांच शुरू कर दी गई है। नशीले पदार्थों की सप्लाई रोकने के लिए विशेष टीमें सादी वर्दी में तैनात रहेंगी, जो संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगी।

### बीच सड़क पर केक काटा तो खैर नहीं



हाई कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए पुलिस ने सार्वजनिक मार्गों पर किसी भी तरह के जमावड़े को प्रतिबंधित किया है। सड़कों पर गाड़ी खड़ी कर केक काटने या तेज म्यूजिक बजाकर हुड़दंग करने वालों पर तत्काल कार्रवाई होगी। शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच के लिए ब्रेथ एनालाइजर का इस्तेमाल किया जाएगा और दोषी पाए जाने पर वाहन जब्त कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वही 31 दिसंबर की शाम से ही थाना क्षेत्र के प्रमुख बॉर्डर्स और नाकों पर नाकेबंदी कर दी जाएगी। 1 जनवरी को धार्मिक स्थलों और पर्यटन केंद्रों पर होने वाली भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। पुराने अपराधियों को थाने बुलाकर पहले ही सख्त हिदायत दी जा चुकी है।

### हाईवे के ढाबों पर जाम छलकाया तो होगी सख्त कार्रवाई

नए साल के जश्न के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने हाईवे किनारे स्थित ढाबा संचालकों को सख्त अल्टीमेटम जारी किया है। स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी भी ढाबे पर ग्राहकों को शराब परोसते या 'जाम छलकाते' पाया गया, तो संचालक की खैर नहीं होगी। आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीमें देर रात तक ढाबों पर औचक छापेमारी करेंगी और उल्लंघन पाए जाने पर ढाबे को तुरंत सील कर भारी जुर्माना वसूला जाएगा। प्रशासन ने ढाबा मालिकों को चेतावनी दी है कि वे अपने परिसर में नशेबाजी को बढ़ावा न दें, अन्यथा गिरफ्तारी और कानूनी मुकदमे के लिए तैयार रहें।

### सख्त कार्रवाई करेंगे

राजेन्द्र दिवान थाना प्रभारी धरसींवा ने कहा की नए साल पर हुड़दंगियों और नशेड़ियों से निपटने के लिए पुलिस ने सुरक्षा का 'मास्टर प्लान' तैयार किया है। सड़कों पर केक काटने या शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पुलिस सख्त कार्रवाई कर तत्काल वाहन जब्त करेगी। राजेन्द्र कवंर चौकी प्रभारी सिलतरा ने कहा की सिलतरा और साकरा जैसे औद्योगिक क्षेत्रों समेत चप्पे-चप्पे पर सादी वर्दी में पुलिस बल की पैनी नजर रहेगी। शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, नियमों का उल्लंघन सीधे जेल पहुंचा सकता है।

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय,
रायपुर छ.ग.

*** शपथ-पत्र ***

मैं हर्षलता साहू, उम्र- 22 वर्ष, पिता- श्री असंत कुमार साहू, निवासी- म.नं. 48, वार्ड नं. 03, टेका, जिला ' महासमुंद (छ.ग.) की निवासी हूँ निम्न कथन शपथपूर्वक करती हूँ। कि:-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है ।
2. यह कि, मेरे आधार कार्ड में हर्षलता साहू (अंग्रेजी में हर्षालता साहू) (**Harshalata Sahu**) वोटर आई. डी. कार्ड एवं समस्त शैक्षाणिक दस्तावेज में हर्षलता साहू (**Harshlata Sahu**) दर्ज है।
3. यह कि, मेरे आधार कार्ड, वोटर आई डी कार्ड एवं समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम सुधार कर हर्षा साहू (**Harsha Sahu**) दर्ज करवाना चाहती हूँ।
4. यह कि, यह शपथ पत्र मेरे समस्त दस्तावेजो में मेरे स्वयं का नाम सुधार करने के संबंध मे सक्षम अधिकारी के समक्ष सादर प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

-सत्यापन-

मैं हर्षलता साहू, उम्र- 22 वर्ष, पिता- श्री असंत कुमार साहू, निवासी- मं.नं. 48, वार्ड नं. 03, टेका, जिला- महासमुंद (छ.ग.) की निवासी हूँ कि उक्त जानकारी मेरे ज्ञान से सही व सत्य हैं। अतः स्थान रायपुर में हस्ताक्षर कर सत्यापित करती हूँ।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 22.12.2025 शपथकर्ता

न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील सारागांव जिला-रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. अ-6 (अ) / वर्ष 2025

सारागांव दि. 19/12/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र साहू पिता स्व. रतन लाल साहू निवासी ग्राम मटिया पोस्ट दोंदेकला, रायपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के अंतर्गत अभिलेख दुरूस्ती हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर उल्लेख किया गया है कि आवेदक के द्वारा ग्राम मटिया, प.ह.न. 12, रा.नि.म. रायपुर 16 सारागांव, तह. धरसींवा, जिला-रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ख. नं. 319/2 रकबा 0.302 हे. भूमि धारित की जाती है। उपरोक्त संपत्ति आवेदक के पक्ष में पंजीयन होने के बाद आवेदक ने सभी शासकीय अभिलेखों में अपना नाम दर्ज करवा लिया है मात्र आनलाईन दर्ज करवाना शेष है। उक्त संपत्ति का प्रमाणीकरण / नामांतरण करा लिया गया है। अतः उक्त भूमि आवेदक के नाम पर आनलाईन राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया हैं।

उक्त संबध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 07/01/2026 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/12/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार,
उप तहसील सारागांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर
मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भः-जिला-**रायपुर** तहसील- **अभनपुर** प.ह.न.- **00018 भेलवाडीह** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण **क्रमांक- RD202526441632700005**

// ईश्तहार //

तहसील अभनपुर के प.ह.न. 00018 के अंतर्गत ग्राम भेलवाडीह के वर्तमान भूमिस्वामी खिलेंद्र सिन्हा पिता/पति स्व. विजय कुमार सिन्हा पता निवासी ग्राम केंद्री तहसील अभनपुर जिला रायपुर, चंद्रशेखर सिन्हा पिता/पति स्व. सोहनलाल सिन्हा पता-निवासी ग्राम केंद्री तहसील अभनपुर जिला रायपुर, वीरेंद्र सिन्हा पिता/पति स्व. विजय कुमार सिन्हा पता-निवासी ग्राम केंद्री तहसील अभनपुर जिला रायपुर, रोशन लाल सिन्हा पिता/पति-स्व. सोहनलाल सिन्हा पता-निवासी ग्राम केंद्री तहसील अभनपुर जिला रायपुर, गंगा प्रसाद सिन्हा पिता/पति स्व. सोहनलाल सिन्हा पता - निवासी ग्राम केंद्री तहसील अभनपुर जिला रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 54 (1.5500), 66/1 (3.1620), 68 (0.4800), 71/2 (0.1000), 75 (0.2200), 79 (0.2800), 82/1 (1.6640), 87 (0.0200), 94 (0.5600), 96 (0.0200), 111 (0.0300), 112 (0.0400), 113 (0.3000), 116(3.5700), 118 (0.4000), 198 (0.0300) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता गंगा प्रसाद सिन्हा पिता/पति स्व. सोहनलाल सिन्हा पता-निवासी ग्राम केंद्री तहसील अभनपुर जिला रायपुर, वीरेंद्र सिन्हा पिता/पति-स्व. विजय कुमार सिन्हा पता निवासी ग्राम केंद्री तहसील अभनपुर जिला रायपुर, चंद्रशेखर सिन्हा पिता/पति स्व. सोहनलाल सिन्हा पता-निवासी ग्राम केंद्री तहसील अभनपुर जिला रायपुर, रोशन लाल सिन्हा पिता/पति स्व. सोहनलाल सिन्हा पता-निवासी ग्राम केंद्री तहसील अभनपुर जिला रायपुर, खिलेंद्र सिन्हा पिता/पति-स्व. विजय कुमार सिन्हा पता-निवासी ग्राम केंद्री तहसील अभनपुर जिला रायपुर के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक **07/01/2026** को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं/ अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक **16/12/2025** को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार:- VIPIN PATEL
तहसील-अभनपुर

खबर संक्षेप



## शिक्षा मंत्री ने किया नववर्ष के कैलेंडर का विमोचन

रायपुर। नववर्ष की पूर्व संध्या पर मंगलवार को नवा रायपुर अटल नगर के बंगला क्रमांक एम 14, सेक्टर 24 में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव द्वारा छग प्रगतिशील यादव महासंघ के नववर्ष 2026 के कैलेंडर का विमोचन किया गया। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष की भांति नए साल के कैलेंडर को श्रीकृष्णा ऑक्सीजन के प्रोप्राइटर रविकांत यादव सुपुत्र स्व. केआर यादव, सुंदर नगर द्वारा स्पॉन्सर्ड किया गया है। जय यादव, जय माधव के उद्घोष के बीच मंत्री ने यादव समाज और संगठन के उत्तरोत्तर प्रगति की मंगलकामना के साथ सभी को नववर्ष की बधाई दी। कैलेंडर विमोचन के अवसर पर श्रीकांत यादव, निरंजन सिंह यादव, पत्रकार श्रवण यदु, कमल सिंह यादव, डॉ. एनपी यादव, राकेश यदु, रामलाल यादव, रविंद्र सिंह यादव उपस्थित रहे।

## नई गाइडलाइन दर फिर से संशोधित करने की मांग

रायपुर। राज्य सरकार ने अचल संपत्तियों के बाजार मूल्य निर्धारण को अधिक वैज्ञानिक और स्पष्ट बनाने के लिए छत्तीसगढ़ गाइडलाइन दरों का निर्धारण नियम, 2000 के तहत वर्ष 2025-26 की नई गाइडलाइन दरें 20 नवंबर से पूरे प्रदेश में लागू कर दी हैं। इस पर आपत्तिकर्ता सुलेमान खान ने नवीन कलेक्टर गाइडलाइन, जो पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में लागू की गई है, उस पर पुनः विचार कर संशोधित दर निर्धारित कर फिर से प्रकाशित करने की मांग शासन से की है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड छग द्वारा जो बाजार मूल्य का निर्धारण के लिए नवीन गाइडलाइन एवं उससे संबंधित उपलब्ध 2025 का सीधा प्रभाव आयकर पर पड़ता है और आयकर अधिनियम के अंतर्गत यह प्रावधान है कि गाइडलाइन दर के अनुसार ही आयकर विभाग द्वारा कैपिटल गेन टैक्स का निर्धारण किया जाता है, ऐसी स्थिति में वर्तमान में जो नवीन गाइडलाइन दर शासन द्वारा लागू की गई है, वह बहुत ही अधिक दर होने के कारण इस दर के निर्धारण पर आपत्ति है।

## घर से चेक चोरी कर सवा पांच लाख किए आहरित

रायपुर। कोतवाली थाना में एक 92 वर्षीय बुजुर्ग ने अपने परिचित के खिलाफ घर की अलमारी में रखे चेक बुक से चेक चोरी कर सवा पांच लाख रुपए आहरण करने की थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बैरनबाजार निवासी मोहम्मद मोहसिन खान ने मोहम्मद इलियास के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। बुजुर्ग ने पुलिस को बताया है कि इलियास का उनके घर आना-जाना था, वह उनका परिचित है। इस बाता का फायदा उठाते हुए इलियास ने अलमारी में चेकबुक से तीन चेक चोरी कर फर्जी हस्ताक्षर कर रुपए निकाल लिए।

### निधन



**शोभा जैन**

रायपुर। गैस गोदाम के पीछे, छत्तीसगढ़ नगर निवासी शोभा जैन (54) का 28 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे पन्नालाल जैन की पत्नी, वकील धर्मेंद्र जैन की बहन और यश, गुलशन एवं ऐश्वर्य जैन की बुआ थीं।

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय,
रायपुर छ.ग.

*** शपथ-पत्र ***

मैं हर्षलता साहू, उम्र- 22 वर्ष, पिता- श्री असंत कुमार साहू, निवासी- म.नं. 48, वार्ड नं. 03, टेका, जिला ' महासमुंद (छ.ग.) की निवासी हूँ निम्न कथन शपथपूर्वक करती हूँ। किः-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है ।
2. यह कि, मेरे आधार कार्ड में हर्षलता साहू (अंग्रेजी में हर्षालता साहू) (**Harshalata Sahu**) वोटर आई. डी. कार्ड एवं समस्त शैक्षाणिक दस्तावेज में हर्षलता साहू (**Harshlata Sahu**) दर्ज है।
3. यह कि, मेरे आधार कार्ड, वोटर आई डी कार्ड एवं समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम सुधार कर हर्षा साहू (**Harsha Sahu**) दर्ज करवाना चाहती हूँ।
4. यह कि, यह शपथ पत्र मेरे समस्त दस्तावेजो में मेरे स्वयं का नाम सुधार करने के संबंध मे सक्षम अधिकारी के समक्ष सादर प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

-सत्यापन-

मैं हर्षलता साहू, उम्र- 22 वर्ष, पिता- श्री असंत कुमार साहू, निवासी- मं.नं. 48, वार्ड नं. 03, टेका, जिला- महासमुंद (छ.ग.) की निवासी हूँ कि उक्त जानकारी मेरे ज्ञान से सही व सत्य हैं। अतः स्थान रायपुर में हस्ताक्षर कर सत्यापित करती हूँ।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 22.12.2025 शपथकर्ता

# ढाई माह में रायपुर में 2000 तो प्रदेश में करीब 15 हजार राजस्व के प्रकरण बढ़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य के कारण पिछले ढाई माह से कलेक्टोरेट एवं तहसील कार्यालयों में राजस्व संबंधी प्रकरणों का निराकरण भी नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण लंबित प्रकरणों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। रायपुर जिले में पिछले ढाई माह में करीब दो हजार प्रकरण बढ़े हैं, वहीं प्रदेशभर में करीब 15 हजार प्रकरण बढ़े हैं। इस तरह एक ओर जहां एसआईआर कार्य के कारण राजस्व संबंधी प्रकरणों का निराकरण नहीं हो पा रहा है, वहीं दूसरे अधिकारी-कर्मचारी भी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर तीन दिन की हड़ताल पर हैं। इसके कारण दफ्तरों में कामकाज पूरी तरह से ठप है।

## अधिकारी-कर्मचारियों की हड़ताल के कारण दफ्तरों में कामकाज ठप

### कलेक्टोरेट में सन्नाटा तहसीलदारों के दरवाजे बंद मिले

अधिकारी-कर्मचारियों के हड़ताल के दूसरे हरिभूमि ने कलेक्टोरेट और रायपुर तहसील कार्यालय की पड़ताल की। इस दौरान कलेक्टोरेट के ज्यादातर विभागों में सन्नाटा पसरा रहा, वहीं तहसील कार्यालय में एसडीएम नंदकुमार चौबे के दफ्तर के अलावा अन्य तहसीलदारों के दफ्तरों पर ताले लटके मिले। इस दौरान कई लोगों के अलावा वकीलों का दिनभर आना-जाना लगा रहा, लेकिन दफ्तरों में ताला लटका पाकर उन्हें बैरंग लौटना पड़ा।

### एक जनवरी से दफ्तरों में लौटेगी रौनक




अधिकारी-कर्मचारियों की हड़ताल के कारण कहीं दफ्तरों में सन्नाटा पसरा हुआ है, तो कहीं बंद है। इन दफ्तरों में हड़ताल के आखरी दिन 31 दिसंबर को भी यही स्थिति रहेगी। इस तरह एक जनवरी 2026 से ही इन दफ्तरों में रौनक लौटेगी। हालांकि एसआईआर का कार्य अभी भी जारी है। इसके कारण दफ्तर खुलने के बाद भी राजस्व प्रकरणों के निराकरण होंगे या नहीं, इसका पता दफ्तरों के खुलने के बाद ही चलेगा।

### आय-जाति, मूल निवास जैसे काम भी अटके

एसआईआर के बाद अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हड़ताल पर होने के कारण तहसील कार्यालयों में एक ओर जहां सीमांकन, भूमि हस्तांतरण, भू अभिलेख सुधार, ब-121 विविध सामान्य राजस्व मामले, ब-113(4) अधिनियम के अंतर्गत, अ-2 व्यपवर्तन सहित राजस्व संबंधी अन्य मामले लंबित हैं, वहीं दूसरी ओर आय, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण, त्रुटि सुधार जैसे जरूरी काम भी नहीं हो पा रहे हैं। सूत्रों से जानकारी मिली है कि रायपुर जिले में ही इससे जुड़े 200 से अधिक मामले हैं, जो लंबित हैं।

### *एक लाख 21 हजार से अधिक प्रकरण लंबित*

*एसआईआर ड्यूटी में प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा सभी राजस्व अधिकारियों, राजस्व निरीक्षकों एवं पटवारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस ड्यूटी की व्यस्तता के कारण तहसीलों एवं राजस्व कार्यालयों में न्यायालयीन प्रकरणों का निराकरण भी नहीं हो पा रहे हैं। रायपुर जिले में कई तहसीलदार ऐसे हैं जिन्होंने पिछले दो माह से अपने दफ्तरों में कदम तक नहीं रखा है। उनके दफ्तर के दरवाजे खुल रहे हैं, जहां कर्मचारी भी बैठ रहे हैं पर तहसीलदारों के नहीं आने से सारे कामकाज रुके हुए हैं।*

# नई शराब नीति से सहमे इवेंट आयोजक, नए साल में शराब लाइसेंस लेने से कर रहे परहेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- **शराब परोसने महज 12 से 15 लोगों ने लाइसेंस के लिए आवेदन पेश किया**

पुराने साल की विदाई के साथ नए साल के स्वागत के लिए इवेंट आयोजक इस वर्ष शराब परोसने से परहेज कर रहे हैं। इसका कारण नई सख्त आबकारी नीति है। इवेंट आयोजकों को शराब परोसने पहले से ज्यादा शुल्क जमा करना होगा। इसके साथ ही नई नीति के तहत तय की गई शराब की मात्रा उठाना होगा। पूर्व में लाइसेंस शुल्क में छूट होने के साथ शराब उठाने की मात्रा में छूट थी। इस वजह से पिछले वर्ष इवेंट आयोजन करने वालों के साथ निजी तौर पर पार्टी आयोजित करने एक दिन शराब परोसने आबकारी विभाग ने 70 लाइसेंस जारी किए थे। इस बार संख्या महज 12 से 15 के करीब है। जिन लोगों ने शराब परोसने लाइसेंस लिया है, वे ऐसे लोग हैं, जिन्होंने बाहर से सेलिब्रेटी बुलाया है।

आबकारी अफसरों के अनुसार नए साल के अवसर पर पूर्व में शराब परोसने एफएल- 5 ए लाइसेंस लगता था, इस बार शराब परोसने वालों के एफएल -5 ए के साथ एफएल -5 का भी लाइसेंस लेना होगा। दोनों लाइसेंस लेने पर 90 हजार रुपए शुल्क जमा करना होगा। इस वजह से नए वर्ष में निजी तौर पर शराब परोसने आयोजक लाइसेंस लेने से हाथ पीछे खींच रहे हैं।



### इतनी मात्रा में शराब के साथ बीयर का उठाव

नई आबकारी नीति के अनुसार एफएल - 5 ए तथा एफएल - 5 का लाइसेंस उन्हीं लोगों को जारी किया जाएगा जो 10 पेटी शराब तथा 20 पेटी बीयर का उठाव करेंगे, अन्यथा लाइसेंस जारी नहीं किया जाएगी। आयोजक इस डर से भी नए साल में शराब परोसने से बच रहे हैं कि उन्हें लग रहा है कि तय मात्रा में उठाई शराब, बीयर की खपत नहीं होने पर उसका वे क्या करेंगे।

### आज दोपहर से तैनात हो जाएगी पुलिस

एएसपी ग्रामीण कीर्तन राठौर के अनुसार नए साल में किसी भी तरह के हुड़दंग को रोकने बुधवार दोपहर से पुलिस कर्मियों की चिन्हित स्थानों पर तैनाती की जाएगी। पुलिस जांच दूसरे दिन गुरुवार को शाम तक जारी रहेगी। शहर के संवेदनशील एरिया जहां मारपीट के साथ चाकूबाजी की घटनाएं होती हैं, उन क्षेत्रों में विशेष निगरानी करने निर्देश दिए गए हैं।

### जहां ज्यादा भीड़ वहां ड्रोन से निगरानी

एएसपी ग्रामीण के अनुसार जिन जगहों पर ज्यादा भीड़ रहेगी, उन स्थानों की ड्रोन से निगरानी करने की व्यवस्था की गई है। जो गड़बड़ी करेंगे, उनकी वीडियो तथा फोटो से पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अफसर के अनुसार रात 12 बजे के बाद जिन स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित निर्धारित है, उन स्थानों की ड्रोन से निगरानी की जाएगी। अलग-अलग स्थानों पर आयोजन होने वाले कार्यक्रम को देखते हुए 10 ड्रोन की व्यवस्था की गई है।

### प्रापर्टी के साथ बॉडी ऑफेंस जीरो टॉलरेंस- आईडी ने दिए निर्देश

आईजी अमरेश मिश्रा तथा एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने मंगलवार को पुलिस अफसरों के साथ सभी थानों के टीआई की बैठक ली। बैठक में आईजी ने सभी थाना प्रभारियों के साथ राजपत्रित पुलिस अफसरों को नए वर्ष के दौरान किसी भी तरह की चाकूबाजी के साथ मारपीट की घटना को रोकने के निर्देश दिए हैं। जिन क्षेत्रों में चाकूबाजी तथा मारपीट की घटना सामने आएगी, उस क्षेत्र के जिम्मेदार अफसर तथा पुलिसकर्मियों की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई करने आईजी ने चेतावनी दी है। साथ ही आईजी ने संवेदनशील स्थानों की चौकसी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

# नहीं थम रही सूखे नशे की तस्करी, दंपति के कब्जे से तीन लाख रुपए से ज्यादा कीमत का चिट्टा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- **एक अन्य मामले में पुलिस ने राजस्थान के तस्कर के कब्जे से डोडा चूरा जब्त किया**

सूखा नशा सहित अन्य तमाम प्रकार के नशा के अवैध कारोबार को रोकने पुलिस लगातार सख्ती करने के साथ कार्रवाई कर रही है। बावजूद इसके नए साल के आयोजन में युवाओं को नशा परोसने तस्कर सक्रिय हैं। पुलिस ने ऐसे ही दो अलग-अलग मामलों में एक दंपति तथा एक युवक को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से साढ़े तीन लाख रुपए कीमत का हेरोइन चिट्टा के साथ डोडा चूरा जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने कबीर नगर तथा खमतराई थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



कबीर नगर थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हरप्रीत कौर तथा उसके पति जोधा सिंह को गिरफ्तार कर 16 ग्राम हेरोइन चिट्टा जब्त किया है। महिला का पति पेशे से ड्राइवर बताया जा रहा है। उसके द्वारा पंजाब से ड्रग तस्करी कर रायपुर में लाकर खपाया जाता था। पुलिस जोधा सिंह तथा उसकी पत्नी से अन्य तस्करों के बारे में पूछताछ कर रही है।

### फरार आरोपी डोडा चूरा के साथ गिरफ्तार

पिछले दिनों पंडरी थाना क्षेत्र में अफीम के साथ पकड़ा गए कैलाश विश्नोई के फरार साथी को खमतराई थाने की पुलिस ने दो किलो डोडा चूरा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने राजस्थान, बलोत्रा निवासी दिलखुश विश्नोई को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। इसके पूर्व पुलिस ने उसके साथी कैलाश विश्नोई को अफीम के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी नए साल में मादक पदार्थ खपाने की फिराक में रायपुर आए थे। कैलाश के पकड़े जाने की सूचना मिलने पर दिलखुश पुलिस को चकमा देकर भाग गया था।

# फिंगरप्रिंट काम नहीं करने वाले सदस्यों का चेहरा प्रमाणीकरण सहित अन्य स्वीकृत विकल्प से किया जाएगा ई-केवायसी

जिला प्रशासन ने ऐसे सदस्यों की सूची तैयार करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत जिन राशन कार्ड सदस्यों का फिंगरप्रिंट काम नहीं करने के कारण ई-केवायसी नहीं हो पा रहा है, ऐसे सदस्यों की सूची तैयार की जा रही है। इस सूची के आधार पर इन सदस्यों को चेहरा प्रमाणीकरण सहित अन्य स्वीकृत विकल्प के जरिए उनका ई-केवायसी किया जाएगा। जिला प्रशासन ने इस संबंध में मंगलवार को आदेश जारी किया। इस आदेश के तहत अब सभी सार्वजनिक वितरण दुकानों को निर्देश दिए गए हैं कि जिन सदस्यों का केवायसी फिंगरप्रिंट के कारण नहीं हो पा रहा है, उसकी सूची तैयार करें।

### 3.36 लाख सदस्यों का केवायसी होना बाकी

खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में कुल 22 लाख 4 हजार 430 राशनकार्ड धारी सदस्यों में से 18 लाख 67 हजार 768 सदस्यों का ई-केवायसी पूर्ण हो चुका है, जबकि अभी भी 3 लाख 36 हजार 662 सदस्यों का ई-केवायसी होना शेष है। इन सदस्यों में ऐसे हजारों सदस्य हैं, जिनका फिंगरप्रिंट काम नहीं करने के कारण उनका केवायसी नहीं हो पा रहा है। ऐसे सदस्यों में ज्यादातर वृद्ध एवं 3 से 5 वर्ष के बच्चे भी शामिल हैं। इसके अलावा दिव्यांग तथा कठिन परिश्रम के कारण उंगलियों के फिंगरप्रिंट काम नहीं कर रहे हैं। ऐसे भी कई सदस्य है, जो अब तक केवायसी नहीं करा पाए हैं।

### मृत-विवाह के बाद अलग रहने वाले सदस्यों की जानकारी देना आवश्यक



### मोबाइल एप के सर्वर में दिक्कत

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत सभी राशनकार्डधारी परिवारों के प्रत्येक सदस्य का आधार आधारित ई-केवायसी कराना अनिवार्य है। इसके लिए मोबाइल एप भी बनाए गए हैं, लेकिन इस एप के सर्वर में दिक्कत होने के कारण भी कई सदस्य केवायसी नहीं कर पा रहे हैं। हालांकि अफसरों का कहना है कि कभी-कभी सर्वर की समस्या रहती होगी, लेकिन एप के माध्यम से सदस्य घर बैठे आसानी से अपना केवायसी कर सकता है। इसके बाद भी अगर किसी तरह की परेशानी आ रही है, तो राशन दुकान या विभागीय कार्यालय में आकर इसकी जानकारी दें सकते हैं, जिसका निराकरण किया जाएगा।

### राशन दुकानों में एप के माध्यम से कराया जा रहा केवायसी

खाद्य विभाग ने छूटे हुए सदस्यों का केवायसी कराने के लिए सभी राशन दुकानों को निर्देश दिए हैं। इसके तहत इन दुकानों में छूटे हुए हितग्राहियों का मशीन के साथ मोबाइल एप के माध्यम से भी केवायसी किया जा रहा है। इस केवायसी में जिन सदस्यों का फिंगरप्रिंट काम नहीं कर रहा है, उन सदस्यों के नाम की सूची भी तैयार की जा रही है।

विभागीय अधिकारी के अनुसार राशनकार्ड में दर्ज कोई सदस्य मृत हो गया है या फिर विवाह के बाद अलग निवास कर रहा है, तो परिवार को आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित राशन दुकान या स्थानीय निकाय कार्यालय में जानकारी देकर नाम हटाने की प्रक्रिया पूर्ण करानी होगी, ताकि रिकॉर्ड को अपडेट किया जा सके।

### बिजनेस साइट

## सुमीत बाजार के वूलन महासेल में ग्राहकों को मिल रहा बंपर डिस्काउंट

रायपुर। विंटर सीजन को खास और किफायती बनाने प्रदेश की सबसे बड़ी रिटेल चेन सुमीत बाजार की ओर से वूलन महासेल की शानदार शुरुआत की गई है। इस महासेल में ग्राहकों को वूलन कपड़ों की आकर्षक और ट्रेंडी रेंज के साथ जबरदस्त ऑफर्स और बेहतरीन डील्स का लाभ मिल रहा है। सर्दी के मौसम में फैशन और जरूरत दोनों को ध्यान में रखते हुए सुमीत बाजार ने सभी आयुवर्ग के ग्राहकों के लिए विशेष कलेक्शन पेश किया है। ऑफर्स की बात करें तो चार वूलन आइटम्स की खरीदी पर 50 प्रतिशत, तीन आइटम्स पर 40 प्रतिशत और दो आइटम्स पर 30 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। इन ऑफर्स पर नियम व शर्तें लागू हैं। इसके साथ ही सुमीत बाजार स्टोर्स में ईयर एंड सेल के तहत अन्य कई प्रोडक्ट्स पर भी अतिरिक्त लाभ दिए जा रहे हैं। सुमीत बाजार में स्वेटर, स्वेटशर्ट, हुडीज, जैकेट्स, विंडशीटर, कार्डिगन, वूलन गर्ल्स टॉप, शॉल, स्टोल, मफलर, हैंड ग्लव्स, टोपी और थर्मल वियर सहित विंटर वियर की विस्तृत और आकर्षक रेंज उपलब्ध है। इसके अलावा साड़ी, कुर्ती, टी-शर्ट, जींस, शर्ट, ट्राउजर्स, सूटिंग-शर्टिंग, सलवार सूट के साथ-साथ गृह उपयोगी वस्तुएं, सजावट और फर्निशिंग आइटम्स की भी बड़ी रेंज ग्राहकों को मिल रही है।




## पीएनबी का नया एटीएम शुरू आसपास के लोगों को मिलेगा लाभ

रायपुर। पंजाब नैशनल बैंक द्वारा छत्तीसगढ़ में अपनी बैंकिंग सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। बैंक ने मंगलवार को रायपुर शहर में अपना 52वां तथा रायपुर अंचल में 454वां एटीएम स्थापित किया। यह नया एटीएम पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, वीआईपी रोड, माना परिसर में लगाया गया है। एटीएम का उद्घाटन अरुण देव गौतम, पुलिस महानिदेशक, छत्तीसगढ़ द्वारा किया गया। इस अवसर पर पीएनबी रायपुर अंचल के अंचल प्रबंधक आशीष चतुर्वेदी, आईजी प्रशिक्षण आनंद छाबड़ा, डीआईजी प्रशिक्षण सुजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक राजकुमार मिंज, मण्डल प्रमुख वीरेंद्र कुमार शर्मा सहित वरिष्ठ पुलिस एवं बैंक अधिकारी उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा कि इस एटीएम से पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय के कर्मियों, प्रशिक्षुओं, स्टाफ तथा आसपास के नागरिकों को 24×7 बैंकिंग सुविधा का लाभ मिलेगा। क्षेत्र में एटीएम की कमी को देखते हुए यह सुविधा अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी और स्थानीय लोगों की बैंकिंग जरूरतों को सहज बनाएगी।



पेज 11 के शेष ..

### नए साल पर आइए नंदनवन...

थी। साथ ही जानकारी दी थी कि नंदन वन में चूहों के काटने से पक्षियों की आकाल मौत हो रही है। खबर प्रकाशित होने के बाद वनमंत्री केदार कश्यप के साथ स्थानीय विधायक राजेश मूणत सहित विभागीय अधिकारी नंदन वन की व्यवस्था सुधारने के साथ मौके की पड़ताल करने मौके पर पहुंचे थे। वनमंत्री के निर्देश के बाद भी नंदन वन की स्थिति में अब भी कोई सुधार नहीं हुआ है। नंदन वन के अंदर सैकड़ों की संख्या में चूहों का बिल अब भी मौजूद है। साथ ही पक्षी विहार में पक्षियों के लिए रखे गए दाने चूहे अब भी चट कर रहे हैं। विभागीय अफसरों की नंदन वन में चूहा उन्मूलन करने के साथ ही व्यवस्था सुधारने के दावा पूरी तरह से फेल साबित हुआ है। ऐसे में नंदन वन का आने वाले दिनों में काया कल्प होने के दावे पूरी तरह से गलत साबित होते दिख रहे हैं।

### आनन-फानन में ले गए...

ग्रामीणों के विरोध के बाद जंगल सफारी प्रबंधन ने पक्षियों की शिफ्टिंग रोकी। पक्षी शिफ्ट किए जाने से स्थानीय ग्रामीणों ने जमकर विरोध प्रदर्शन भी किया था।

### 20 वर्षों से चल रहा महानदी ...

संचालित लगभग 8 से 10 फर्शी खदानों के ठेकेदारों को खनिज विभाग के बाद पर्यावरण विभाग के अफसरों ने नियमों के तहत खनन करने की अनुमति दी थी। ठेकेदारों को अनुमति कई शर्तों के साथ दी गई थी। इसके तहत महानदी और हरियाली को नुकसान नहीं पहुंचाने के साथ नदी और खदानों के आसपास क्षेत्र को और अधिक हरा-भरा बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण किया जाना था, लेकिन कई ठेकेदारों ने इन शर्तों का पालन करना तो दूर, महानदी में ही वेस्ट पत्थरों व मटेरियल को डंप कराने का काम शुरू कर दिया, जिससे नदी के कई तट 200 मीटर तक पट चुके हैं। यही नहीं, इन वेस्ट पत्थरों व मटेरियल के कारण नदी के तटों तथा अंदर लगे हजारों पेड़-पौधे भी दबकर मर चुके हैं।

नदी के अलावा खदानों के आसपास एवं नहर किनारे खाली हरा-भरा वन क्षेत्र की हरियाली भी वेस्ट पत्थर-मटेरियल के डंप किए जाने के कारण खत्म होती जा रही है। इस तरह इस क्षेत्र की वन संपत्ति भी खदानों के कारण धीरे-धीरे खत्म होती जा रही है। पर्यावरण विभाग के अफसरों ने खदानों को एनओसी तो दे दिया, लेकिन इसके बाद एक बार भी निसदा गांव में संचालित खदानों एवं महानदी का निरीक्षण करने नहीं पहुंचे। यहीं कारण है कि वेस्ट पत्थर-मटेरियल डंप किए जाने के कारण महानदी की चौड़ाई भी लगातार कम होती जा रही है।

### कैबिनेट आज, पुलिस कमिश्नरी ...

यह तय हो गया है कि आईजी स्तर के अफसर पुलिस कमिश्नर के पद पर रहेंगे। पुराने पीएचक्यू भवन में पुलिस कमिश्नर दफ्तर लगेगा। कमिश्नर के लिए सेटअप भी तैयार हो गया है, जिसे कैबिनेट की बैठक में रखा जाएगा। चर्चा के बाद इसे लागू करने के संबंध में तिथि का भी एलान किए जाने की संभावना है।

## खेल महोत्सव में चंद्रशेखर को किया सम्मानित



रायपुर। लोक खेलों के उन्नयन में दीर्घकालीन सेवा के लिए रायपुर सांसद खेल महोत्सव में मुख्य अतिथि भोजपुरी फिल्म अभिनेता व सांसद मनोज तिवारी और सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने चंद्रशेखर चकोर का सम्मान किया। चकोर ने सौ से भी अधिक लोक खेलों का संग्रह कर लेखन व प्रकाशन किया है, जिसे इस विधा के लिए शोधग्रंथ के रूप में देखा जा रहा है तथा चकोर ने अनेक लोक खेलों का प्रतियोगिता के उद्देश्य से नया नियम भी बनाया है। छत्तीसगढ़ शासन के खेल विभाग ने इनके नियमबद्ध खेलों पर पांच बार प्रदेश स्तरीय आयोजन कर चुके हैं।









# रियल एस्टेट में इस साल 147 नई योजनाएं ही हुई लांच, बीते साल से रफ्तार रही धीमी

## पहली बार 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 नई योजनाओं का हुआ था पंजीयन, बीते साल 161 नई योजनाएं हुईं थीं लांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रियल एस्टेट में इस साल मंदी के दौर में जहां इस बार घर कम बिके हैं, वहीं नई योजनाएं भी बीते साल से कम लांच हुई हैं। इस साल जनवरी से दिसंबर तक 147 नई योजनाओं का बी रेरा में पंजीयन हुआ है। बीते साल 161 योजनाओं का पंजीयन हुआ था। 2023 में सबसे ज्यादा मंदी रही है, क्योंकि 137 नई योजनाओं ही आईं, जबकि 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 योजना लांच हुई थीं। इधर जो नई योजनाएं आ रही हैं, उसमें देखने वाली बात यह है कि ज्यादातर योजनाओं में जो घर बन रहे हैं, उनमें महंगे घरों पर ज्यादा फोकस है। पूरे देश में उच्च वर्ग की खरीदारी में इजाफा हुआ है। इसी के साथ गरीब तबका भी खरीदारी के मामले में आगे है। मध्य वर्ग की खरीदारी कम हुई है। अब यह वर्ग सोच समझकर ही खर्च कर रहा है। सबसे ज्यादा पैसे खर्च करने वाला उच्च वर्ग ही है। यही वजह है कि अब रियल एस्टेट में भी इसी वर्ग को ध्यान में रखकर ज्यादातर घर बन रहे हैं। 2021 में कोरोना के बाद रियल एस्टेट में त्योहारी सीजन में बहुत घर बिके। करीब छह सौ करोड़ का कारोबार हुआ है। इस कारोबार की रफ्तार ने पहले ही अहसास करा दिया था कि आने वाला साल रियल एस्टेट के लिए बड़ा अच्छा साल होने वाला है। यह 2022 में देखने को भी मिला। इस साल बड़ा कारोबार हुआ। साल भर में हजार करोड़ से ज्यादा के मकान बिके। इसके बाद 2023 और 24 में कम योजनाओं के आने के कारण कम मकान बिके। यही हाल 2025 का भी रहा है। इस साल त्योहारी सीजन में बहुत कम कारोबार हुआ है।

### दिसंबर में सबसे कम योजनाएं

इस साल की बात करें तो इस साल जनवरी और फरवरी में 11-11 योजनाओं का रेरा में पंजीयन हुआ। इसके बाद मार्च में 14, अप्रैल में 21, मई में 13, जून में 9, जुलाई में 10, अगस्त में 8, सितंबर में 10, अक्टूबर में 11 और नवंबर में जहां सबसे 22 योजनाओं का पंजीयन हुआ, वहीं दिसंबर में सबसे कम महज 7 योजनाएं आई हैं। कुल मिलाकर साल भर में 147 नई योजनाओं का रेरा में पंजीयन हुआ है।



### 2022 में बना रिकॉर्ड

रियल एस्टेट से जुड़ी हर योजना को अब रेरा से मंजूरी लेनी पड़ती है। चाहे वह सरकारी योजना हो या फिर निजी योजना उनको रेरा में पंजीयन के बिना प्रारंभ नहीं किया जा सकता है। रेरा में जब फरवरी 2018 से पंजीयन प्रारंभ हुआ तो यही साल ऐसा रहा, जिसमें रिकॉर्डतोड़ 897 योजनाओं का पंजीयन हुआ। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि हर बिल्डर को अपनी पुरानी योजनाओं का भी पंजीयन कराना जरूरी था। दूसरे साल पुरानी और नई योजनाओं को मिलाकर 192 योजनाएं मंजूर हुईं। 2020 में कोरोना काल होने के बाद भी 100 नई योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ। 2021 में पिछला रिकॉर्ड टूटा और 136 नई योजनाओं का पंजीयन हुआ। 2022 में योजनाओं की बाढ़ आई। इस साल 273 नई योजनाएं आईं। इसके बाद 2023 में योजनाओं की रफ्तार धीमी हो गई साल भर में महज 137 योजनाओं आईं। बीते साल योजनाओं की रफ्तार में कुछ इजाफा हुआ और साल भर में 161 नई योजनाएं आईं।

## खबर संक्षेप

### डे-केयर सेंटर का सांसद बृजमोहन ने किया शुभारंभ



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के समता कालोनी में सियान गुड़ी योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों के लिए बनाया गया डे केयर सेंटर का शुभारंभ हुआ। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने फीता काटकर इस केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की सबसे बड़ी पूंजी हैं। उनका अनुभव, मार्गदर्शन और आशीर्वाद जीवन की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने कहा कि जिन घरों में बुजुर्ग होते हैं, वहां अलग से भगवान की पूजा की आवश्यकता नहीं होती बुजुर्गों की सेवा ही सच्ची आराधना है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता वृद्धाश्रमों की नहीं, बल्कि ऐसे डे-केयर सेंटर्स की है, जहां दिन के समय बुजुर्गों को योग, मनोरंजन, संवाद एवं अन्य गतिविधियों से जोड़ा जाए और शाम को उन्हें सम्मानपूर्वक उनके घर लौटाया जाए। बुजुर्गों को सहानुभूति नहीं, बल्कि सम्मानजनक सहयोग की आवश्यकता है।

### निगम प्रशासन की शह पर भू-माफिया का खुला खेल, बदल दी नाले की दिशा : तिवारी



**रायपुर।** नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने मंगलवार को वीआईपी रोड स्थित जिस नाले को पाटा जा रहा है, उक्त स्थल का निरीक्षण किया और पाया कि विगत कई वर्षों से जो नाला वीआईपी रोड से होकर बहता था। उस नाले के साथ वहां की जमीन को भी पाट दिया गया है। स्थल निरीक्षण के समय कुछ स्थानीय निवासियों ने बताया कि यहां पर सरकारी डबरी हुआ करती थी, जिसका आसपास के लोग उपयोग करते आ रहे थे। इस स्थान को नेता प्रतिपक्ष ने खुद जाकर देखा और देखकर हतप्रभ रह गए कि ये क्या हो रहा है। रायपुर राजधानी के नगर निगम की आंख के नीचे इतना बड़ा खेल कैसे संभव है बिना उन की जानकारी के? सबने अपनी आंखें बंद कर ली हैं। नगर निगम में महापौर की उदासीनता बनी हुई है, समझ से परे है कि क्या ये ट्रिपल इंजन की सरकार की कारगुजारी है? या मिलीभगत का खेल चल रहा है।

## भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह बोले

# हर सकारात्मक काम का कांग्रेस समेत समूचा विपक्ष करता है विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने कहा, संसद सत्र अभी सम्पन्न हुआ है, हमने देखा कि लोकसभा और राज्यसभा में कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं था। कई विधेयकों पर चर्चा हुई, लेकिन विपक्ष ढंग से अपनी बात भी नहीं रख पाया। उसके बाद बाहर आकर उन पर भ्रम फैलाने में लगा है। 'वीबी जी राम जी' में 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी जा रही है अर्थात इससे लोगों को 25 दिन अधिक रोजगार मिलेगा। इसके साथ ही जो योजनाएं बनेंगी, जो काम होगा, वह ग्राम की आवश्यकता के अनुरूप ग्रामसभा और ग्राम पंचायत तय करेगी। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी सभी को एक पत्र लिखकर यह स्पष्ट किया है, लेकिन विपक्ष इसमें भी भ्रम फैला रहा है कि यह सब केन्द्र सरकार तय करेगी। हर सकारात्मक काम का कांग्रेस समेत समूचा विपक्ष विरोध करता ही है।

- कांग्रेस के पास कोई मुद्दा ही नहीं है

श्री सिंह ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, देशभर के अनेक स्थानों से मिली शिकायतों के बाद मनरेगा के तहत कई विधानसभाओं में जो गड्ढे-ही-गड्ढे दिखते थे और जिन पर काम ही नहीं हुआ, उनका वित्तीय आवंटन रोक दिया गया। अब इस योजना में बायोमेट्रिक्स के उपयोग को बढ़ावा देने, उसके कम्प्यूटरीकरण करने पर जोर दिया गया है। इससे विकास और बुनियादी जरूरतों के काम भी होंगे, ग्रामीणों को रोजगार भी मिलेगा और गांव वाले खुशहाल भी होंगे।



### बंगाल में बनेगी भाजपा की सरकार

श्री सिंह ने दावा किया, प.बंगाल में प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनेगी। बंगाल में सरकार के संरक्षण में ऑर्गेनाइज्ड करप्शन हुआ है। योजनाओं में कहीं-न-कहीं लीकेज होता है। सरकार उस पर कार्रवाई करती है लेकिन सरकार के संरक्षण में ही अगर बड़े लेवल की करप्शन हो, लूट मची हो तो वह चिंताजनक है। प.बंगाल में हमारी पहले तीन सीटें आई थी, बाद में हम 77 सीटें जीते। इस बार बंगाल में बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनेगी क्योंकि टीएमसी के शासन में हिंसा, करप्शन से वहां की जनता परेशान है, त्रस्त है। बंगाल जैसी हिंसा पूरे देश में कहीं नहीं है, बंगाल जैसा करप्शन पूरे देशभर में कहीं नहीं है। श्री सिंह ने कहा, ममता बनर्जी की शुरू से कार्ययोजना और सोच रही है कि किस प्रकार से तुष्टीकरण के मार्ग में चले। एक वर्ग को खुश करने के लिए बंगाल में बाबरी मस्जिद बन रही है फिर भी उसको नहीं रोक पाए, यह सब सरकार के संरक्षण में हो रहा है।

### 16 लाख पीएम आवास बने

श्री सिंह ने मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा, डबल इंजन की सरकार की उपलब्धियों का विश्लेषण करने पर स्पष्ट होता है कि प्रदेश तेज गति से विकास कर रहा है। नए-नए निवेश यहां पर हो रहे हैं और औद्योगिक विकास हो रहा है। इसी प्रकार रेलवे, सड़क आदि अधोसंरचनात्मक विकास भी दृष्टिगत हो रहा है। प्रदेश में 24 लाख स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास में से 16 लाख आवास बन चुके हैं।

### नक्सल मुक्त होगा अब देश

श्री सिंह ने नक्सल उन्मूलन अभियान की चर्चा करते हुए कहा, देश के लिए यह सम्मान का विषय है कि नक्सलवाद की समस्या से निपटने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के रणनीतिक मार्गदर्शन और प्रदेश सरकारों के सहयोग से केंद्र सरकार नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ और नक्सल मुक्त भारत की ओर तेजी से अग्रसर है और 31 मार्च 2026 तक पूरा देश हथियारबंद नक्सलियों से मुक्त हो जाएगा। नक्सल पीड़ति इलाकों में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार की विकास योजनाओं का आंकड़ेवार ब्योरा देते हुए श्री सिंह ने कहा, भारत चार सालों से लगातार सशक्त और तेज जीडीपी के चलते तेज गति से बढ़ती अर्थ व्यवस्था बन गया है लेकिन देश का एक बड़ा क्षेत्र चूंकि नक्सल प्रभावित था तो देश की जीडीपी में उन क्षेत्रों का योगदान नहीं था, परंतु अब उनका भी योगदान मिल रहा है। इस तरह जब सभी क्षेत्रों का योगदान बढ़ेगा तो भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

## मनरेगा महासंघ के अध्यक्ष ने मनरेगा कर्मियों के मानव संसाधन नीति के लिए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह से की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित लाइव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग महात्मा गांधी नरेगा के क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ संवाद कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की ओर से मनरेगा महासंघ के अध्यक्ष अजय क्षत्री ने राज्य का नेतृत्व किया। उन्होंने इस दौरान केंद्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के समक्ष मनरेगा कर्मियों से संबंधित महत्वपूर्ण समस्या सेवा सुरक्षा, मानव संसाधन नीति एवं सामाजिक सुरक्षा को प्रमुखता से रखा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया कि वे राज्य शासन से सेवा सुनिश्चित करने पर चर्चा करेंगे।

- केंद्रीय मंत्री ने राज्य शासन से सेवा सुनिश्चित करने पर चर्चा करने का दिया आश्वासन

संवाद कार्यक्रम में देशभर के चुनिंदा राज्यों के मनरेगा प्रतिनिधियों को सीधे केंद्रीय मंत्री से संवाद करने का अवसर मिला। छत्तीसगढ़ से प्रतिनिधित्व करते हुए अजय क्षत्री ने राज्य के साथ पूरे देश के मनरेगा कर्मियों की सेवा-सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा और कार्यक्षेत्र से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इस पर केंद्रीय मंत्री ने अवगत कराया कि किसी भी कर्मचारी को घबराने की आवश्यकता नहीं है, कर्मचारी मनरेगा चला रहे हैं, वो ही दृढ़ता के साथ वी बी जी राम जी भी चलाएंगे। सेवा सुरक्षा के मामले में वे राज्य सरकार से कर्मचारियों के सेवा सुनिश्चित की जाए, इस विषय पर चर्चा करूंगा। साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि किसी की कर्मचारी की नौकरी पर बात नहीं आएगी। छत्तीसगढ़ के मनरेगा कर्मियों ने अध्यक्ष अजय क्षत्री के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने कर्मचारियों की वास्तविक समस्याओं को उच्च स्तर तक पहुंचाया है। कार्यक्रम में शामिल प्रतिनिधियों ने इसे देश भर के मनरेगा कर्मियों के हितों की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

## सेवानिवृत्त टेलीफोन ऑपरेटर से 40 हजार की उठाईगिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गोलबाजार थाना में सेवानिवृत्त 79 साल के बुजुर्ग टेलीफोन ऑपरेटर ने अज्ञात के खिलाफ 40 हजार रुपए चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना मंगलवार दोपहर साढ़े 12 से एक बजे के बीच की है। बुजुर्ग पोस्ट ऑफिस से पैसे निकालने के बाद खाता में एंट्री कराने जा रहा था, इस दौरान अज्ञात ने चोरी की घटना की।

- घटना गोलबाजार थाना क्षेत्र की
- घटना का सीसीटीवी फूटेज पुलिस को मिला

पुलिस के अनुसार देवेंद्र नगर सेक्टर-1 निवासी विष्णु सोनार ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। विष्णु ने पुलिस को बताया है कि वह घटना दिनांक को पोस्ट ऑफिस में पैसा निकालने के बाद पहली मंजील में पासबुक एंट्री कराने लाइन में लगा था।

इसी दौरान किसी अज्ञात चोर ने झोला के निचला हिस्सा को ब्लेड से काटकर उसमें रखी नकदी रकम चोरी कर ले गया। बुजुर्ग ने पुलिस को बताया है कि वह पासबुक एंट्री कराने लाइन में लगा था। इस दौरान देर होने पर वह पास की कुर्सी में बैठ कर अपना झोला चेक किया, तो उसे रुपए चोरी होने की जानकारी मिली। चोरी की घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है। फूटेज के आधार पर पुलिस चोर की पतासाजी करने में जुटी है।



## प्रथम चरण की काउंसिलिंग में 125 का हुआ दाखिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन एवं राज्य काउंसिलिंग समिति द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025 के लि राज्य स्तरीय स्नातकोत्तर (पीजी) मेडिकल काउंसिलिंग के प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। 23 दिसंबर को जारी आवंटन सूची के आधार पर राज्य के शासकीय एवं निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवश्यक काउंसिलिंग प्रक्रिया पूरी की गई। प्रथम चरण के अंतर्गत कुल 273 सीटों का आवंटन किया गया था, जिसमें शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की 163 सीटें और निजी चिकित्सा महाविद्यालयों की 110 सीटें शामिल थीं। प्रवेश के श्रेणीवार विवरण के अनुसार, संस्थागत अभ्यर्थियों के लिए कुल 228 सीटों का आवंटन किया गया था, जिसमें से 151 अभ्यर्थियों ने स्क्रूटनी की प्रक्रिया पूर्ण की और 103 अभ्यर्थियों ने सफलतापूर्वक प्रवेश लिया। इसी प्रकार, सेवारत अभ्यर्थियों (इनसर्विस कैंडिडेट्स) के लिए आवंटित सभी 14 सीटों पर स्क्रूटनी की गई और 13 अभ्यर्थियों ने प्रवेश प्राप्त किया।

- गैर-निवासी एवं गैर-संस्थागत कोटे से सिर्फ 1 अभ्यर्थी को मिला निजी मेडिकल कॉलेज

### 176 अभ्यर्थी हुए शामिल

छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी, लेकिन गैर-संस्थागत श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए आवंटित 17 सीटों में से 9 ने स्क्रूटनी कराई तथा 8 अभ्यर्थियों ने प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की। इसके अतिरिक्त, गैर-निवासी एवं गैर-संस्थागत श्रेणी में 14 आबंटन किए गए थे। इनमें से केवल 2 अभ्यर्थियों ने स्क्रूटनी कराई और मात्र 1 अभ्यर्थी ने निजी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लिया। प्रथम चरण की इस संपूर्ण प्रक्रिया के उपरांत कुल 125 अभ्यर्थियों ने राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों में अपनी सीट सुनिश्चित कर ली है। राज्य काउंसलिंग समिति द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, कुल 273 आवंटन के विरुद्ध 176 अभ्यर्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराते हुए स्क्रूटनी की प्रक्रिया में भाग लिया।

## शासकीय कर्मचारियों के आंदोलन का दूसरा दिन, ठप रहा कामकाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा प्रदेशभर में कर्मचारियों के हितों से जुड़ी मांगों को लेकर किए गए आंदोलन के दूसरे दिन भी व्यापक असर देखने को मिला। फेडरेशन के अव्हान पर कर्मचारी सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल पर हैं। हड़ताल के कारण इंद्रावती भवन सहित अनेक शासकीय कार्यालयों में सन्नाटा पसरा रहा। नगरीय निकाय के कर्मचारियों ने भी अवकाश लेकर प्रदर्शन में भाग लिया। वहीं विश्वविद्यालयों के शिक्षक एवं कर्मचारियों ने भी अवकाश लेकर आंदोलन का समर्थन किया है।

- सामूहिक अवकाश पर कर्मचारी, कार्यालयों में पसरा सन्नाटा

फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा एवं संभाग प्रभारी चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि रायपुर में आयोजित आंदोलन में बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए। फेडरेशन के पदाधिकारियों का कहना है कि यदि सरकार शीघ्र ही सार्थक संवाद प्रारंभ नहीं करती, तो फेडरेशन अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान करने के लिए बाध्य होगा। प्रदेश के सभी जिला संयोजकों एवं कर्मचारियों का मनोबल ऊंचा है और आंदोलन को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। फेडरेशन संवाद और समाधान चाहता है, लेकिन यदि सरकार चुप्पी साधे रहती है, तो कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए आंदोलन और अधिक तीव्र किया जाएगा।

**संवाद को लेकर कोई संकेत नहीं :** बताया जाता है कि कर्मचारी फेडरेशन के हड़ताल पर सरकार और राज्य शासन की ओर से अब तक बातचीत करने के कोई संकेत नहीं मिले हैं। कर्मचारियों का कहना है कि दो दिन की हड़ताल के बाद भी कोई सूचना नहीं मिली। फेडरेशन का कहना है कि कर्मचारियों ने तीन माह पूर्व जिला स्तर पर आंदोलन कर सूचना दी थी। राज्य शासन की ओर से कोई पहल न किए जाने के कारण तीन दिन हड़ताल की नौबत आई है।



### कोषालयों में वेतन देयक जमा

कर्मचारियों को प्रतिमाह दिए जाने वाले वेतन देयकों को माह के 25 से 30 तारीख तक जमा किया जाता है। बताया गया है कि लभभग सभी विभागों के वेतन देयक ऑनलाइन जमा हो चुके हैं। ऐसे में हड़ताल से उनके वेतन मिलने में कोई विशेष असर देखने को नहीं मिलेगा।

## मांगों को लेकर किए थे निलंबित अब बहाल हुए 25 स्वास्थ्य कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आंदोलन के दौरान निलंबित किए गए 25 राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारियों की सेवाएं बहाल कर दी गइ हैं। शासन ने इनके विरुद्ध की गई समस्त दंडात्मक कार्रवाइयों को निरस्त करते हुए सेवा से बर्खास्त किए गए सभी कर्मचारियों की बहाली का आदेश जारी कर दिया है। अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य के एनएचएम कर्मचारियों ने प्रदेशव्यापी आंदोलन की शुरुआत की थी। लगभग 33 दिनों तक चले इस आंदोलन के दौरान कर्मचारियों ने वेतनवृद्धि, अवकाश सहित कई मांग शासन के समक्ष रखी थी। कर्मचारियों द्वारा रखी गई 10 में से 7 मांगें स्वीकार कर ली गई थीं। आंदोलन के दौरान संघ के प्रदेशाध्यक्ष सहित 25 पदाधिकारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था।

- 10 में से 7 मांग की गई थी स्वीकार, 33 दिनों तक चला था आंदोलन

### बैंड-बाजा संग जताई खुशियां

गंभीर बीमारी की स्थिति में एक माह का सवैतनिक अवकाश, 5% वार्षिक वेतन वृद्धि, सीआर व्यवस्था में पारदर्शिता जैसी कुछ मांगें शासन द्वारा स्वीकार कर ली गई थी। हड़ताल अवधि की पूरी कार्यवाही शून्य होने के बाद कर्मचाररी बैंड बाजा और मिठाई लेकर स्वास्थ्य मंत्री आवास पहुंचे। यहां उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को मिठाई खिलाई। कर्मचारी संघ ने इस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि स्वीकार की गई सभी मांगों को समयबद्ध तरीके से लागू किया जाए, जिससे सरकार के प्रति कर्मचारियों का विश्वास और मजबूत होगा।

## जिंदल के कर्मचारियों से जनसुनवाई में फर्जी हस्ताक्षर कराए गए

# कांग्रेस ने की तमनार में हुई जनसुनवाई की न्यायिक जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायगढ़ जिले के तमनार में कोयला खदान खोले जाने का मुद्दा ऐसा गरमाया कि आंदोलनरत ग्रामीणों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प हो गई। देखते ही देखते मामले ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया। अब सत्ताधारी भाजपा और विपक्षी दल कांग्रेस आमने-सामने हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने घटना के लिए जिला प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने मामले की जांच उच्च न्यायालय के सीटिंग जज से कराने की मांग की है।

- बैज ने कहा- तमनार की घटना के लिए जिला प्रशासन दोषी

तमनार के दौरे से लौटे छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने संवाददाताओं से कहा, तमनार की घटना भाजपा की गांव, गरीब, किसान, आदिवासी विरोधी नीति का परिणाम है। मैंने तमनार का दौरा किया। जांच दल का गठन किया गया है। उन्होंने कहा, 27 दिसंबर की घटना के लिए जिला प्रशासन जिम्मेदार है। आंदोलनकारियों को साजिश के तहत कुचलने की रणनीति बनाई गई। ग्रामीणों को मजबूर किया गया, उकसाया गया। वहां कलेक्टर-एसपी कैंप करके बैठे हैं, लेकिन धरने पर बैठे गांव वालों से बात तक नहीं की। घटना के लिए जिम्मेदार जिला प्रशासन, कलेक्टर और एसपी हैं।

**जिला प्रशासन ने चुपके से की सुनवाई :** बैज ने बताया कि रायगढ़ के तमनार में कोल माइंस अलॉट किया, जिसकी सुनवाई 8 दिसंबर को रखी गई थी। वहां के किसान, आदिवासी जनसुनवाई स्थगित करने की बात कहते हुए 5 दिसंबर से धरने पर बैठे रहे, 8 को जनसुनवाई हुई। 14 गांव के करीब 10 हजार से अधिक लोगों ने जनसुनवाई को मानव श्रृंखला बनाकर घेर रखा था। जिला प्रशासन ने चुपके से कोने में टेबल लगाकर जनसुनवाई की, जो स्थल से काफी दूर था। ग्रामीणों ने कहा, यह गलत तरीके से हुआ, इसके विरोध में एक चौक पर बैठकर ग्रामीणों ने धरना दिया।

**पूरे मामले की होगी जांच- साव :** तमनार घटना को लेकर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, पूरे मामले की जांच करवाई जाएगी। जो भी दोषी होगा कार्रवाई होगी। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने कहा, पर्यावरण को संरक्षित किया जाए। ग्रामीणों का जीवन स्तर भी बढ़े और प्रदेश का विकास भी हो, यह सब जरूरी है, एकतरफा नहीं सोचना नहीं चाहिए। सरकार के पास रेवेन्यू नहीं आएगा, तो विकास कैसे होगा? पूरे परिप्रेक्ष्य में इसे देखना चाहिए।



### कोल कंपनी के कर्मचारियों से कराए फर्जी हस्ताक्षर

पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने कहा जनसुनवाई का विरोध सभी 14 गांव के ग्रामीणों ने किया था, कोल कंपनी के कर्मचारियों से फर्जी हस्ताक्षर कराए गए और जनसुनवाई की गई। जानबूझकर ग्रामीणों को उकसाया गया, हम मांग करते हैं कि घटना की न्यायिक जांच हो।

### जनसुनवाई गलत, निरस्त की जाए

प्रदेश कांग्रेस प्रमुख ने सवाल उठाया कि आखिर चोरी छिपे जनसुनवाई क्यों की जा रही है। ये जनसुनवाई गलत है, इसको निरस्त किया जाना चाहिए। ग्रामीणों को डराकर जनसुनवाई की जा रही है, अगर ग्रामीणों का धरना चल रहा, तो जिला प्रशासन बात करे, लेकिन न तो कलेक्टर गया, न एसपी या जिला प्रशासन का कोई अधिकारी ग्रामीणों से बात करने गया। बैज ने आरोप लगाया कि 27 दिसंबर को पुलिस बल लगाया गया था, जिसमें जिंदल की कोयले से भरी गाड़ियां रवाना की जा रही थीं। गाड़ियों की संख्या काफी ज्यादा थी, जिससे ग्रामीण आक्रोशित हुए। 40 लोगों की गिरफ्तारियां हुईं, महिलाओं को घसीटा गया, आंसू गैस के गोले छोड़े गए। लोगों को प्रताड़ित किया गया, तब भीड़ उग्र हो गई, जिसके बाद घटना घटी।

हरिभूमि
रायपुर, बुधवार 31 दिसंबर 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



अभयारण्य में अचानकमार पहली पसंद....

### ● शहर के होटल्स एवं पार्क-गार्डन में नए साल का जश्न मनाने गजब का उत्साह

# नए साल के स्वागत के लिए होटल और पार्क तैयार आज आधी रात से शुरू होगा जश्न का सिलसिला

"आज की रात जैसे ही घड़ी में 12 बजेंगे, पूरा शहर नए साल के जश्न में डूब जाएगा। स्वागत में सराबोर हो जाएगा। लोग नए साल का स्वागत जहां घरों पर आतिशबाजी, केट कटिंग और मिठाईयां बांटकर करेंगे। वहीं होटलों व रेस्टोरेंट्स में न्यू ईयर पार्टी नाइट में सेलिब्रिटीज के साथ डीजे के गानों पर थिरकेंगे। शहर के होटल्स और रेस्तरां में न्यू ईयर पार्टी की खास तैयारी पूरी हो चुकी है। शहर के टॉप होटलों व रेस्टोरेंट्स के मैनेजरों ने बताया कि न्यू ईयर पार्टी इवेंट के लिए पास बुकिंग एक दिन पहले ही हाउसफुल हो चुकी है।




### केक और मिठाई के एडवांस में ऑर्डर

*नए साल को लेकर विशेषकर बेकरी व स्वीट्स शॉप में लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है। संतोषी नगर स्थित बेकरी एवं स्वीट्स शॉप के संचालक आशुतोष वर्मा ने बताया कि हैप्पी न्यू ईयर-2026 लिखी हुई थीम पर लोगों से केक के ऑर्डर थोक में मिले हैं। वहीं मिठाईयों की भी डिमांड बढ़ गई है।*



### जंगल सफारी, आदिवासी म्यूजियम में उमड़ेगी भीड़

*1 जनवरी को शहर के पार्क, गार्डन सहित नवा रायपुर स्थित जंगल सफारी, आदिवासी म्यूजियम में लोगों की भीड़ उमड़ेगी। इसके लिए वहां की प्रबंधन ने खास व्यवस्था किया है। टिकट काउंटर की अतिरिक्त व्यवस्था के साथ ही यहां नए साल की थीम पर विशेष साज सजावट भी की गई है, ताकि यहां पहुंचने वाले युवा, बच्चे और बड़े सभी को नए साल का फील आ सके और वे अपने फैमिली फ्रेंड्स के साथ इस दिन को यादगार बना सकें।*

**रायपुर।** लोगों की पार्टी नाइट में बड़ी संख्या में क्रेज को देखते हुए सुविधाओं और सुरक्षा संबधित पूरी व्यवस्था के साथ-साथ उनकी मनोरंजन का पूरा ध्यान रखा गया है। सेलिब्रिटी नाइट सेलिब्रेशन का दौर 12 बजे से शुरू होगा। इनमें सेलिब्रिटी विद सेलिब्रेशन, डीजे नाइट, म्यूजिक, डांस, कॉमेडी शो के साथ गाला डिनर खास होने वाला है। शहर के टॉप होटल्स और रेस्टोरेंट्स की प्रबंधन टीम से हरिभूमि ने बातचीत कर जाना कि इस न्यू ईयर के वेलकम पार्टी में उनके यहां किस तरह की तैयारी और इंटरटेनमेंट की व्यवस्था की गई है। इस पर होटल्स और रेस्टोरेंट्स के मैनेजरों ने बताया कि सिंगल, कपल्स और फैमिली के लिए इस नए साल को यादगार बनाने के लिए उनकी डिमांड पर इंटरटेनमेंट्स का फुल डोज रखा गया है। इन होटल्स व रेस्टोरेंट्स में न्यू ईयर नाइट पार्टी की धूम मचेगी।



### आज इन होटलों में खास होगी न्यू ईयर पार्टी

*आज की रात एंटरटिका-सी वर्ल्ड में नियॉन नाइट 2.0 की न्यू ईयर नाइट, कोर्टयार्ड मैरियट में ग्रेंड न्यू ईयर नाइट की ग्रैंड वेलेकम पार्टी, मुहूर्त होटल एंड रिसॉर्ट में चिंकी-मिंकी सेलिब्रेटी नाइट, ईडीओ में होने वाला इवेंट हाई एनर्जी म्यूजिक और नाइट क्लब वाइब में इंटरटेनमेंट हाई रहेगा। एरिया 36 क्लब में ब्लोआउट 0.4 का लोग मजा लेंगे। इस तरह से फैमिली और युवाओं दोनों के लिए यह होटलों का न्यू ईयर पार्टी खास बनेगी।*

## एजुकेशन लाइव

## फूड एनॉलिस्ट पदों पर भर्ती शुरू, ग्रेजुएट से पीएचडी उत्तीर्ण तक कर सकते हैं आवेदन

**रायपुर।** सरकारी नौकरी की तलाश में लगे युवाओं के लिए बड़ी खबर है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की ओर से फूड एनॉलिस्ट भर्ती (11th FAE-2025) के लिए आवेदन प्रक्रिया स्टार्ट कर दी गई है। एफएसएसएआई की ओर से भर्ती के लिए फॉर्म भरने की लास्ट डेट 22 जनवरी निर्धारित है। योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी इसमें भाग लेने के लिए ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट fssai.gov.in पर जाकर तय तिथियों के अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। फूड एनॉलिस्ट पदों पर आवेदन के लिए उम्मीदवार का केमिस्ट्री, डेयरी केमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, फूड सेफ्टी, एग्रीकल्चर साइंस जैसे 14 विषय में यूजी, पीजी या पीएचडी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इंस्टीट्यूशन ऑफ केमिस्ट्स (इंडिया) से फूड एनॉलिस्ट सेक्शन की परीक्षा पास होना भी मान्य है। न्यूनतम तीन साल का फूड एनॉलिसिस का अनुभव जरूरी है। एप्लीकेशन फॉर्म भरने के साथ अभ्यर्थियों को कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट के लिए 2500 रुपए जमा करने होंगे, वहीं प्रैक्टिकल परीक्षा के लिए 5000 रुपए शुल्क का भुगतान करना होगा। ध्यान रखें कि आवेदन के बाद इसमें कोई बदलाव नहीं किया जा सकेगा और नाम में गड़बड़ी होने पर आवेदन रद्द हो सकता है। ऐसे में अभ्यर्थी ध्यान से फॉर्म को पूरा करें। इस परीक्षा में कोई आरक्षण लागू नहीं है।




### आवेदन की प्रक्रिया

*इस भर्ती में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी स्वयं ही ऑनलाइन माध्यम से आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। आपकी सहूलियत के लिए आवेदन का लिंक एवं स्टेप्स यहां दिया जा रहा है।*

- एफएसएसएआई फूड एनॉलिस्ट एप्लीकेशन फॉर्म भरने के लिए सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट करें।
- वेबसाइट के होम पेज पर भर्ती से संबंधित लिंक पर क्लिक करें।
- पहले रजिस्टर बटन पर क्लिक करके मांगी गई डिटेल दर्ज करें और पंजीकरण कर लें।
- इसके बाद लॉग इन के माध्यम से अन्य डिटेल भरकर फॉर्म को पूरा कर लें।
- अंत में निर्धारित शुल्क जमा करें और फॉर्म को सबमिट कर दें।

## सिटी लाइव

## स्टूडेंट्स कठिन और मध्यम सिलेबस को लाल-हरे रंग की पेन से करें मार्क



**रायपुर।** हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा के स्टूडेंट्स एग्जाम की तैयारी में जुटे हुए हैं। विद्यार्थी स्कूल की कक्षाओं के अलावा ट्यूशन, सेल्फ स्टडी से परीक्षा में सफल होने पढ़ाई कर रहे हैं। अब से एग्जाम नजीदक हैं, ऐसे में परीक्षा के समय प्रेशर से बचने और बेहतर रिजल्ट हासिल करने फ्लो चार्ट बनाकर पढ़ाई करना स्टूडेंट्स के लिए एक बेहतर स्टडी प्लान साबित हो सकता है। इसकी शुरुआत सबसे पहले सभी सब्जेक्ट्स के सिलेबस इकट्ठे करने से करें। इसके बाद कठिन व मध्यम सिलेबस को लाल-हरे रंग की पेन से मार्क कर लें। इन सब्जेक्ट को पढ़ने 24 घंटे में तीन पार्ट में 3 से 4 घंटे दैनिक स्टडी टाइम के अनुरूप निर्धारित कर लें। इससे परीक्षा की तैयारी भी समय पर पूरी हो जाएगी और प्रेशर जैसी कोई भी चीज दिमाग में नहीं रहेगी। यह कहना है शिक्षाविद संजीव सूर्यवंशी का। उन्होंने स्टूडेंट्स के लिए आगामी बोर्ड परीक्षा में बिना किसी मानसिक दबाव के बेहतर परीणाम हासिल करने का तरीका साझा किया।

### कठिन सब्जेक्ट को क्लास टीचर्स से समझें

शिक्षाविद देवश्री गोयल का कहना है कि स्टूडेंट्स को चाहिए कि वह सिलेबस को रटने के बजाय समझकर पढ़ें। रोजाना स्कूल की कक्षाएं अटेंड करें और कठिन सब्जेक्ट को क्लास टीचर्स से समझें। वीकली टेस्ट, प्री-बोर्ड एग्जाम से मिले प्रश्नों को सूचीबद्ध करें। सिलेबस पढ़ाई के साथ-साथ खुद को शारीरिक व मानसिक रूप से तरोताजा रखने डाइट पर ध्यान और माइंड रिफ्रेशमेंट के तौर पर अपनी हॉबी व क्रिएटिव एक्टिविटी को रोजाना प्राथमिकता से करें। इससे निश्चित ही स्टूडेंट्स समय पर अपने सब्जेक्ट की तैयारी पूरी कर पाएंगे और बेहतर परीक्षा परीक्षा हासिल कर सकेंगे।

### समय का प्रभावी ढंग से प्रबंधन करें

शिक्षाविदों का कहना है कि कमजोर विषयों में सफलता का मंत्र निरंतर अभ्यास होता है। एक अध्याय पूरा करने के बाद अपनी सफलता का जश्न मनाएं, इससे प्रेरणा मिलेगी। नियमित अंतराल पर पहले से पढ़े हुए कठिन अध्यायों को दोहराएं, ताकि वे आपकी स्मृति में बने रहें। इस फ्लो चार्ट और रणनीति का उपयोग करके, स्टूडेंट्स अपने समय का प्रभावी ढंग से प्रबंधन कर सकते हैं।

## छत्तीसगढ़ लोककला-संस्कृति पर केंद्रित फोटो प्रदर्शनी 2 को

### कला वीथिका, महंत घासीदास परिसर में दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी

**रायपुर।** नए साल में छत्तीसगढ़ी लोककला व संस्कृति पर आधारित दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह फोटो प्रदर्शनी 2 जनवरी से 4 जनवरी तक कला वीथिका, महंत घासीदास परिसर में आयोजित की जाएगी। यहां पर कला प्रेमी प्रदर्शनी का सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक अवलोकन कर सकेंगे। प्रदर्शनी में प्रवेश सभी के लिए पूर्णतः निशुल्क रहेगा। छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक-संस्कृति, पारंपरिक नृत्यों और विविध लोककलाओं को व्यापक जनसमुदाय तक पहुंचाने के उद्देश्य से क्लाउड एवं संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ के सहयोग से एक विशेष फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। फोटो प्रदर्शनी छायाचित्रों के माध्यम से न केवल दृश्य सौंदर्य प्रस्तुत करेगी, बल्कि छत्तीसगढ़ के लोकजीवन, सांस्कृतिक विविधता और परंपराओं के संरक्षण का संदेश भी देगी। प्रदर्शनी का उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना, लोक कलाकारों और शिल्पकारों के योगदान को रेखांकित करना तथा लोककला के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है। यह प्रदर्शनी राज्य की जनजातीय, ग्रामीण और लोक परंपराओं की जीवंत, कलात्मक और प्रामाणिक झलक प्रस्तुत करेगी, जो छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को सशक्त रूप से दर्शाती है।

### इनकी फोटोग्रॉफी होगी प्रदर्शित

*यह आयोजन कलाप्रेमियों के साथ-साथ विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं, संस्कृति अध्येताओं और आम नागरिकों के लिए भी छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को जानने, समझने और अनुभव करने का एक महत्वपूर्ण अवसर सिद्ध होगा। इस फोटो प्रदर्शनी में दीपेंद्र दीवान, अखिलेश, हर्षा, धनेश्वर और सूर्या दीवान की फोटोग्रॉफी प्रदर्शनी में देखने को मिलेगा।*

## गतका मुकाबले में युवाओं ने दिखाया साहस और शौर्य

**रायपुर।** शहीदी सप्ताह के अवसर पर गुरु गोबिंद सिंहजी के चार साहिबजादों की अमर शहादत की स्मृति में तृतीय शहीदी गतका मुकाबले का आयोजन भावपूर्ण रूप से किया गया। यह आयोजन हरि सिंह नलवा गतका अखाड़ा एवं सिख यूथ कम्युनिटी के संयुक्त प्रयास से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य चार साहिबजादों के बलिदान को स्मरण कर नई पीढ़ी को उनके साहस, धर्मनिष्ठा और आत्मबलिदान से प्रेरित करना था।



बड़े साहिबजादे बाबा अजीत सिंह जी और बाबा जुझार सिंह जी ने चमकौर की जंग में वीरगति प्राप्त की, वहीं छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी ने सरहिंद में धर्म से विचलित होने से इंकार करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। गतका मुकाबले में युवाओं ने परंपरागत शस्त्र विद्या का शानदार प्रदर्शन कर साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि अमरजीत सिंह छाबड़ा, अध्यक्ष, अल्पसंख्यक आयोग थे। विशिष्ट अतिथियों में हतिंदर पाल बारा, सुरजीत सिंह छाबड़ा, गगन पाल महासचिव, सिख काउंसिल शामिल रहे।

### दिसंबर में कड़ाके की ठंड से तिब्बती वुलन वियर की अच्छी ग्राहकी, दुकानदारों के खिले चेहरे

## ठंड में गरमाया तिब्बती वूलन बाजार... 80 प्रतिशत तक पहुंचा कारोबार, नए पैटर्न के स्वेटर-जैकेट्स, शॉल की बिक्री अधिक

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** दिसंबर की गुलाबी ठंड से तिब्बती गर्म कपड़े की बाजार गुलजार हो गया है। कड़ाके की ठंड के चलते इस बार नए पैटर्न के लेदर जैकेट, स्वेटर, शॉल की खूब बिकवाली हुई है। इसमें महिला हो या पुरुष, बच्चे के लिए गर्म कपड़ों की डिमांड कर रहे हैं। मोतीबाग के पास लगे तिब्बती वूलन बाजार के दुकानदारों ने बताया कि अक्टूबर से लेकर इस दिसंबर तक करीब 80 प्रतिशत तक का कारोबार हो चुका है। करीब 40 प्रतिशत का कारोबार सिर्फ दिसंबर महीने में हुआ है। इससे पहले अक्टूबर से नवंबर महीने के अंत तक 30 प्रतिशत तक कारोबार ही हुआ था। सभी दुकानों में 80 प्रतिशत तक वूलन वियर का स्टॉक बिक चुका है। दिसंबर महीने की शुरुआत में शीतलहर का माहौल है, उसके बाद से ग्राहकी ने रफ्तार पकड़ी है। तिब्बती वूलन बाजार के कारोबारी ने आगे बताया कि पिछले साल कम ठंड पड़ने के कारण आधा स्टॉक ही मुश्किल से बिक पाया था। इसके चलते मुनाफा नहीं मिल पाया। इस बार ठंड पड़ने से अच्छा कारोबार हुआ है। जनवरी के अंत तक कारोबार 90 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। अगर ठंड का असर इसी तरह से बरकरार रहा तो इस सर्दी का सीजन मुनाफे वाला मौसम साबित होगा।





### इस बार हुई अच्छी ग्राहकी

तिब्बती दुकानदार नुशा ने बताया कि दिसंबर महीने की सर्दी ने तिब्बती वूलन बाजार के दोगुने कारोबार की उम्मीद को कायम रखा है। हमारी दुकान दीपावली के पहले ही यहां पर लग गई थी। ठंड अभी बढ़ी हुई है और दुकान भी अच्छी चल रही है। पिछले साल ठंड नहीं पड़ी थी, इस वजह से दुकान नहीं चल पाई। इस बार दुकान पर ग्राहकी अच्छी रही है। इस महीने भी अच्छी ग्राहकी रहने की उम्मीद है।

### किफायती और ऑरिजन वूलन लोगों की पसंद

दुकानदारों ने बताया कि ग्राहकों को तिब्बती गर्म कपड़े के स्टॉल पर किफायती और बेहतर क्वालिटी का वूलन कपड़े मिलते हैं। इसके वजह से लोग हमसे गर्म कपड़े विश्वास के साथ खरीदना पसंद करते हैं। हम भी ग्राहकों के मनपसंद स्वेटर, शॉल, कंबल, मफलर हर बार नए कलर्स व पैटर्न में बनाकर उपलब्ध कराने का प्रयास करते हैं। मोतीबाग में तिब्बती गर्म कपड़े की 35 दुकानें पिछले 4 महीने से सजी हुई हैं।

● नए साल में गुलजार रहेगा मुक्तांगन, ऊर्जा पार्क और नंदनवन, पिछले साल से अधिक रहेगी भीड़, पर्यटन और वन विभाग की तैयारी पूरी

# अभयारण्य में अचानकमार पहली पसंद, हिल स्टेशन में मैनपाट और बस्तर, नए साल में यहां पहुंचेंगे 50 हजार से अधिक पर्यटक








**रायपुर।** वन विभाग ने सोशल मीडिया के जरिए लोगों से अग्रिम बुकिंग कराने की अपील की है, ताकि भीड़ प्रबंधन में मदद मिल सके। इधर रायपुर के जंगल सफारी में भी भारी भीड़ की संभावना जताई गई है। अब तक 200 से अधिक एडवांस बुकिंग हो चुकी है और यहां 10 से 20 हजार पर्यटकों के पहुंचने का अनुमान है। बारनवापारा अभयारण्य भी पर्यटकों की पहली पसंद बना हुआ है। रायपुर, बिलासपुर और भिलाई से सबसे ज्यादा बुकिंग हुई हैं। वन विभाग के सभी रिसॉर्ट और कॉटेज फुल हो चुके हैं। हर साल यहां करीब 30 हजार पर्यटक पहुंचते हैं और इस बार यह आंकड़ा और ज्यादा हो सकता है। पर्यटन विभाग का कहना है कि सभी स्थलों पर सुरक्षा, सफाई और सुविधा को लेकर टीम तैनात कर दी गई है।

## धमतरी और बालोद के पिकनिक स्पॉट्स भी रहेंगे गुलजार

नए साल पर रायपुर के आसपास के पर्यटन स्थलों में भी भारी भीड़ देखने को मिलेगी। धमतरी में करीब 20 हजार और बालोद में लगभग 10 हजार लोगों के पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। दोनों ही स्थानों पर मौजूद लग्जरी रिसॉर्ट्स और प्राकृतिक सौंदर्य पर्यटकों को खासा आकर्षित कर रहे हैं।धमतरी और बालोद में स्थित बड़े डैम और झीलों के किनारे बने पिकनिक स्पॉट नए साल के जश्न के लिए लोगों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। इन इलाकों में होटल और रिसॉर्ट्स की एडवांस बुकिंग पहले से ही हो चुकी है। प्रशासन द्वारा भीड़ को देखते हुए सभी जरूरी व्यवस्थाओं की तैयारी की जा रही है।

**नए साल की शुरुआत के साथ ही प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थल और शहर के पिकनिक स्पॉट पर्यटकों से गुलजार रहने वाले हैं। मैनपाट से लेकर बस्तर तक सभी प्रमुख टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रिसॉर्ट्स और कॉटेज पहले ही बुक हो चुके हैं। पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पर्यटन और वन विभाग ने विशेष तैयारियां की हैं, ताकि सभी को बेहतर सुविधा मिल सके। इस बार सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र बना है अचानकमार टाइगर रिजर्व, जहां दिन और रात दोनों समय सफारी की सुविधा मिल रही है। अनुमान है कि 1 जनवरी को यहां 5 से 10 हजार पर्यटक पहुंच सकते हैं।**





## मैनपाट और बस्तर में पर्यटकों की सबसे ज्यादा भीड़



*नए साल के जश्न को लेकर इस बार मैनपाट और बस्तर प्रदेश के सबसे ज्यादा भीड़भाड़ वाले पर्यटन स्थल बनकर उभर रहे हैं। मैनपाट में पर्यटकों के लिए उपलब्ध 60 से अधिक होटल, कॉटेज और रिसॉर्ट पूरी तरह से बुक हो चुके हैं। रायपुर, बिलासपुर, झारखंड और आसपास के जिलों से भारी संख्या में लोग यहां पहुंचने वाले हैं। जानकारी अनुसार, मैनपाट के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पिछले वर्ष करीब 40 हजार पर्यटक पहुंचे थे, जबकि इस बार यह संख्या इससे अधिक रहने की उम्मीद है। बस्तर में भी हालात कुछ ऐसे ही हैं । यहां भी सभी रिसॉर्ट्स फुल बुक हो चुके हैं और अनुमान है कि पर्यटकों की संख्या 50 हजार के पार जा सकती है। दोनों ही स्थानों पर बड़ी संख्या में पिकनिक स्पॉट उपलब्ध हैं, जो इन्हें और भी आकर्षक बनाते हैं। प्रशासन ने सुरक्षा, ट्रैफिक और सुविधाओं को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं ताकि पर्यटकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।*

## मुक्तांगन, जंगल सफारी और नंदनवन सबसे ज्यादा मांग

रायपुर में नए साल के जश्न के लिए मुक्तांगन, जंगल सफारी और नंदनवन सबसे ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। इन पिकनिक स्पॉट्स पर हजारों पर्यटकों के पहुंचने की उम्मीद है। संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए टिकट काउंटरों की संख्या बढ़ा दी है, ताकि लंबी कतारों से बचा जा सके। मुक्तांगन और ऊर्जा पार्क में 10 हजार से अधिक और नंदनवन में करीब 8 हजार पर्यटकों के पहुंचने का अनुमान है।पर्यटन और वन विभाग द्वारा भीड़ प्रबंधन, पार्किंग, साफ-सफाई और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। रायपुरवासियों के साथ-साथ आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में लोग इन स्थलों की ओर रुख कर रहे हैं।

# हस्तिनापुर की तरह सजा कुंथुनाथ जिनालय, 8 मुमुक्षु रत्नों और साध्वीश्री संग ध्वजाजी की अगवाई में निकला वरघोड़ा

**रायपुर।** फाफाडीह स्थित श्री कुंथुनाथ जिनालय में 25वीं रजत ध्वजा सह त्रिहानिका महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में साध्वीश्री नंदिषेणाजी की पावन निश्रा में भव्यातिभव वरघोड़ा (शोभायात्रा) निकली। वरघोड़ा में ध्वजाजी के साथ, 2026 में रायपुर से दीक्षा लेने वाले 8 मुमुक्षुरत्न और गुरु महाराज शामिल हुए। मंदिर को फूलों और विशेष लाइट्स से हस्तिनापुर की तरह सजाया गया। श्री छत्तीसगढ़ कुच्छी दशा ओसवाल जैन समाज, रायपुर के अध्यक्ष चंद्रेश वीरचंद शाह (छेडा), सचिव किशोर मेघजी मोती, उपाध्यक्ष भूपेंद्र गोविंदजी मोमाया, सह-सचिव हितेश शरद मोमाया, कोषाध्यक्ष हरीश शिवाजी लोडाया और 2025 रजत ध्वजा महोत्सव समिति के संयोजक हरीश जेवरचंद शाह ने बताया कि महोत्सव के समापन अवसर पर सुबह 6.30 बजे श्री रजत पूजा, 7.30 बजे नवकारसी, 8.30 बजे श्री सतरभेदी पूजन हुआ।



## आरती व मंगल दीपक का आयोजन

*शुभ मुहूर्त में श्री रजत ध्वजारोहण संपन्न हुआ और साधार्मिक भक्ति के बाद दोपहर 12.36 बजे (विजय मुहूर्त) लघु शांति पूजन हुआ। इसके पश्चात शाम 5 बजे चौविहार और 7 बजे भव्य आरती व मंगल दीपक का आयोजन किया गया। साथ ही साथ शुभ मुहूर्त में ध्वजारोहण बोली द्वारा संपन्न हुई। महोत्सव में भक्ति संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें मुंबई से पधारे कलाकारों ने अपनी सुमधुर संगीतमयी प्रस्तुति दी और लोग भाव-विभोर हो गए। इस अवसर पर 108 दीपकों से प्रभुजी की भव्य आरती की गई। महोत्सव के विधिकारक श्री राजा भाई नंदू मुंबई से पहुंचे और गुजरात की ढोल-शहनाई के सुरताल से महोत्सव और भी भव्य हो गया।*

### बिरगांव में इदं न मम भाव के साथ 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति

# दक्षिणा में एक बुराई की यज्ञ पूर्णाहुति कर नशामुक्त जीवन का लिया संकल्प

**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में बिरगांव में गायत्री महायज्ञ आयोजित किया गया। मंगलवार को गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति इदं न मम की भावना व लोककल्याण, जनकल्याण के भाव के साथ पूरी हुई। हरिद्वार से आए ऋषिपुत्र प्रमोद बारचे ने देव मंच से विभिन्न संस्कारों के महत्व को बताते हुए कहा कि गायत्री मंत्र सबसे शक्तिशाली मंत्र है, जिसके जाप से पापों से मुक्ति, मन की शांति और हृदय की मजबूती मिलती है। उन्होंने सभी को प्रतिदिन एक माला गायत्री मंत्र का जाप करने की सलाह दी।

मां गायत्री की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि गायत्री मंत्र के प्रभाव से अहंकार, ईर्ष्या, द्वेष, लालच और भय से मुक्ति संभव है। यज्ञ से व्यक्ति का जीवन महान बनता है। वह अपने जीवन में ऊंचाइयों को ग्रहण करता है। पूर्णाहुति के पूर्व अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक आचार्य पं. राम शर्माजी आचार्य द्वारा नवयुग के निर्माण के लिए किए जाने वाले कार्यों के लिए लिखे गए सत संकल्प का पाठ कराते हुए उसे अपने जीवन एवं आचरण में उतारने कहा गया।





## 42 ने गुरुदीक्षा लेकर यज्ञोपवीत धारण किया

*महायज्ञ के संयोजक शंकरलाल साहू एवं जिला समन्वयक लच्छूराम निषाद, प्रज्ञा प्रकाश निगम ने बताया कि पूर्णाहुति के पूर्व 42 लोगों ने गुरुदीक्षा लेकर यज्ञोपवीत धारण किया। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए कई पालियों में यज्ञ संपन्न कराया गया और दोपहर को यज्ञ में पूर्णाहुति दी गई। यज्ञ पूर्णाहुति के अवसर पर रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू एवं महापौर नंदलाल देवांगन, स्थानीय पार्षद वेदराम, पवन साहू के साथ गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन डॉ. अरुण मढ़रिया, मोहन उपारकर शामिल हुए।*

पूर्णाहुति में श्रद्धालुओं से यज्ञ देव को दक्षिणा के रूप में अपने अंदर की एक बुराई छोड़ने, नशामुक्त जीवन जीने का संकल्प दिलाया एवं इसके बदले प्रसाद के रूप में एक अच्छाई ग्रहण कराई। उन्होंने गुरुदेव के कथन को बताया कि मनुष्य अपने भाग्य का निर्माता स्वयं है। हम बदलेंगे-युग बदलेगा, हम सुधरेंगे-युग सुधरेगा, इस बात पर हमारा परिपूर्ण विश्वास है। व्यक्ति के निर्माण से ही परिवार निर्माण, समाज निर्माण एवं राष्ट्र का निर्माण होता है एवं सशक्त व शौर्य राष्ट्र बनाने के लिए मनुष्य में चारित्रिक, बौद्धिक, सामाजिक और आध्यात्मिक स्तर का उत्थान बहुत आवश्यक है। पूर्णाहुति के बाद शांतिकुंज से आए ऋषिपुत्रों की विदाई की गई।

# धार्मिक और आध्यात्मिक ऊर्जा से जीवंत हुई श्रीमद भागवत कथा



**रायपुर।** श्री सत्य सनातन सेवा समिति द्वारा देवनगरी में श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ पं. बलराम प्रसाद तिवारी के सानिध्य में आयोजित है। 25 दिसंबर से 1 जनवरी 2026 तक श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह का मुख्य उद्देश्य भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और जीवन-दर्शन के माध्यम से भक्तों के जीवन को समृद्ध बनाना, ईश्वर भक्ति, आत्म-शुद्धि, संस्कार, सद्भाव और मोक्ष की ओर ले जाना है। श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह का शुभारंभ विधिवत वेदीपूजन व कलश यात्रा के साथ किया गया। इसके अंतर्गत गौकर्ण कथा, वराह अवतार, श्री शिव चरित्र, ध्रुव चरित, प्रहलाद चरित, भगवान नृसिंह अवतार, श्रीराम चरित, कृष्ण जन्ममहामहोत्सव, रासलीला, रुक्मणि विवाह, श्री सुदामा चरित, परिक्षित मोक्ष, भागवत चढ़ौत्री आदि अनेक महत्वपूर्ण प्रसंगों के संगीतमय वर्णन से श्रद्धालु भगवान कृष्ण के दिव्य स्वरूप का साक्षात अनुभव कर रहे हैं। कथावाचक पं. बलराम प्रसाद तिवारी द्वारा भागवत माहात्म्य और विभिन्न प्रसंगों के अद्भुत संगीतमय वर्णन से श्रद्धालु आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो रहे हैं। 1 जनवरी 2026 को श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह का समापन होगा। इस दिन श्री विष्णु सहस्त्रनाम पाठ, श्री गीता तुलसी वर्षा, पूर्णाहुति के साथ महाप्रसाद वितरण और शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

A VENUE THAT FEEDS Dreams and Delights to Your Guests
22 Rooms Fully Loaded with Modern Amenities
Deluxe Rooms - 11
Executive Balcony - 11
A PLACE THAT Compliments Your Events!
In-House Catering
In-House Decor
Pure Veg Restaurant (by india's best chef)
Banquet Hall Cap : 50 - 250 Person
Ample Number of Car Parking Space (150+ Car Park at a Time)
BANQUET HALL · ROOMS · CAFE & RESTAURANT · BOARD ROOM
SHREEJI INN HOTEL Restaurant-Banquet Hall
WE ORAGANISE : Marriage Functions,Corporate Events, Birthday Party, Kitty Party & More...
BOOKING NOW +91 93297 44444
Ring Road - 1, Infront of Shyam Petrol Pump, Near Kushalpur Chowk, Raipur (C.G.)

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar · TEXMO · C.R.I. PUMPS Pumping trust. Worldwide.
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

Shree Shivam Steel Enterprises
MO:- 9713234611, 9926907736, 9630491800
Add. Shop No 05, In Front Of Theresian School, Kandul Road, Boriya Khurd- Raipur
Rose Gold Railing · Golden color Railing · Aluminium Profile · Steelness Glass Railing · Normal Railing · Slim Profile, Domal Window · Bathroom Shower · 12mm Glass Partition · Vadruf, Aluminium Window

गंजेपन से पाएं आजादी
सिर्फ 1 घण्टे में
राजगढ़ द ब्यूटी सलोन एवं हेयर विग सेंटर
(पुरूष एवं महिला के लिए)
● Hair Patch ● Hair Extension ● Hair Wig● Hair Topper
पहले · बाद में
पता: राधा कृष्ण मंदिर के पास, टिकरापारा थाना, मेन रोड, छत्तीसगढ़ नगर, रायपुर, मो. 9926943380

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

## हेल्थ टिप्स

### विजय मर्चेंट ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ को बढ़त



**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा मेंस अंडर 16 विजय मर्चेन्ट मल्टी डे ट्राफी 2025 का आयोजन 7 दिसंबर से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पांचवा मैच (29-31 दिसंबर) ग्वालियर, मध्य प्रदेश में पंजाब अंडर 16 टीम के विरुद्ध खेला गया।

दूसरे दिन के खेल में मंगलवार को पंजाब अंडर 16 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 40.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 114 रन बनाये। छत्तीसगढ की ओर से चंद्रांश यादव ने नाबाद 43 रन बनाये। अंशुमन ठाकुर ने 20 रन तथा अनिकेत कुजुर ने 15 रनों का योगदान दिया। पंजाब की ओर से शिवम मत्री ने 4 विकेट तथा जैविन ने 3 विकेट प्राप्त किये। पंजाब ने अपनी पहली पारी में 61.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 136 रन बनाये। पंजाब की ओर से अभिषेक राजपूत ने नाबाद 39 रन बनाये तथा पंजाब को पहली पारी में बढत दिलाई। उनके अतिरिक्त उपदेश्वर सिंह ने 21 रन तथा साहिबजोतवीर सिंह ने 20 रन बनाये। छत्तीसगढ की ओर से अर्शवीर सिंह ने 4 विकेट तथा यर्थाथ सिंह चौहान ने 3 विकेट लिये। दूसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ ने अपनी दूसरी पारी में 12 ओवरों में 2 विकेट खोकर 36 रन बना लिये है। छत्तीसगढ की ओर से अनिकेत कुजुर 21 रन पर नाबाद खेल रहें है। वहीं पंजाब की ओर से अभिषेक राजपुत ने 2 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ ने 14 रनों की बढत बना ली हैं।

### राज्य स्तरीय रग्बी चैंपियनशिप में जिला महासमुंद ने मारी बाज़ी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा 8वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सब-जूनियार अंडर-15 (बालक एवं बालिका) रग्बी सेवंस चैंपियनशिप का आयोजन 28 दिसंबर को सुबह 9:00 बजे से पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के शारीरिक शिक्षा विभाग के मैदान में किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों से बालक एवं बालिका वर्ग की 15 टीमो नें हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन उत्तम गर्ग- अध्यक्ष रोटरी क्लब, राकेश जैन- उपाध्यक्ष चैंबर ऑफ कॉमर्स, मिकेश बरडिया कोषाध्यक्ष चैंबर ऑफ कॉमर्स रायपुर ने किया। बालिका वर्ग में क्रमशः रायपुर व जांजगीर- चांपा तथा महासमुंद व बिलासपुर के जिलों के बीच सेमीफाइनल खेला गया। जिसमें महासमुंद जिले की निशा, नंदिनी व जिया ने 29 अंकों से बिलासपुर से जीत हासिल कर फाइनल के लिए जगह बना ली तथा रायपुर की ज्योति ने 7 अंक लेकर जांजगीर-चांपा से जीतकर रायपुर को फाइनल में पहुंचाया। जांजगीर चांपा ने 10 अंकों से बिलासपुर से जीतकर तीसरा स्थान पा लिया। महासमुंद व रायपुर के बीच निर्णायक फाइनल मैच खेला गया जिसके विजेता 12 अंको से महासमुंद जिला बना। इसी क्रम में बालक वर्ग में क्रमशः रायपुर व कोरबा तथा महासमुंद व बालोद के जिलों के बीच सेमीफाइनल खेला गया जिसमें कोरबा ने 19-05 अंकों से रायपुर से जीत हासिल कर फाइनल के लिए जगह बना ली तथा महासमुंद 10 अंक लेकर बालोद से जीता कर फाइनल में पहुंचा। बालोद ने 17 अंकों से रायपुर से जीतकर तीसरा स्थान पा लिया। महासमुंद व कोरबा के बीच निर्णायक फाइनल मैच खेला गया जिसमें महासमुंद के अजय और विजय ने 7 अंकों से कोरबा से बढ़त लेकर महासमुंद जिले को विजेता बनाया। प्रतियोगिता का समापन में आसीम कादरी स्पोटर्स ऑफिसर आदर्श कालेज एवं चंद्रशेखर महतो रहे. निर्णयकों में आकाश वर्मा, मोहन तिवारी, मुस्कान कुरैटी तथा टेबल आफिशियल अनुकृति साहू व नंदिनी महानंद, सोमराज साहू एवं शिवेंद्र यादव ने अपनी जिम्मेदारी निभाई।

### बैडमिंटन में रोमांचक मुकाबले



**रायपुर।** रायपुर जिला बैडमिंटन संघ द्वारा सप्रे शाला बैडमिंटन हॉल के प्रशिक्षु बालक व बालिकाओं हेतु बैडमिंटन स्पर्धा आयोजित की गई। विभिन्न वर्गों में खेले गये फायनल मुकाबलों में 11 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग एकल – सूर्यांश भंसाली ने शिवाय पुजारी को 21-14,24-26,24-22 से हराया। 11 वर्ष आयु समूह बालिका वर्ग एकल – समृद्धि जैन ने आलिया ध्रुव को 21-12,21-11 से हराया। 13 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग एकल – रूआन बैद ने श्लोक वासुदेव को 21-2,21-3 से हराया। 13 वर्ष आयु समूह बालिका वर्ग एकल – अनन्या निहाल ने समृद्धि जैन को 21-15,12-21,22-20 से हराया।

## रायपुर में 45वीं एनटीपीसी जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का भव्य समापन

# तीरंदाजी में उप्र टॉप पर, एकल राउंड में छत्तीसगढ़ के विक्रम को सिल्वर मैडल





**रायपुर।** राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद एथलेटिक स्टेडियम में आयोजित 45वीं एनटीपीसी जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का मंगलवार को भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर इंडियन राउंड के विजेता खिलाड़ियों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। नौ दिनों तक चली इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से आए प्रतिभावान तीरंदाजों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, भाजपा उपाध्यक्ष नंदन जैन, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के जनरल डायरेक्टर मयंक श्रीवास्तव, शरद शुक्ला सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

### खेल सिखाता है हार-जीत से ऊपर राष्ट्रगौरव –अग्रवाल

मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि खेल हार-जीत से ऊपर राष्ट्र गौरव सिखाता है। उन्होंने तीरंदाजी को भारत का प्राचीन और धरोहर खेल बताते हुए सफल आयोजन के लिए पूरी टीम को बधाई दी।

### छत्तीसगढ़ में खेलों का भविष्य उज्ज्वल –श्रीवास्तव

साईं के जनरल डायरेक्टर मयंक श्रीवास्तव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में इस तरह के राष्ट्रीय आयोजनों से नई प्रतिभाओं को मंच मिलता है। उन्होंने बताया कि फरवरी में छत्तीसगढ़ में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स आयोजित किए जाएंगे।

### खिलाड़ियों के लिए आगे बढ़ने का बड़ा मंच–मुरारका

आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका ने प्रतियोगिता खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का सशक्त माध्यम बनेगी।

### झारखंड और असम का शानदार प्रदर्शन

प्रतियोगिता के इंडियन राउंड में देश के विभिन्न राज्यों के युवा तीरंदाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। मेडल टैली में उत्तर प्रदेश सबसे सफल राज्य बनकर उभरा, जबकि झारखंड, असम और राजस्थान के खिलाड़ियों ने भी कई पदक अपने नाम किए।

### पुरुष वर्ग में उप्र का दबदबा

पुरुष इंडियन राउंड की 30 और 40 मीटर स्पर्धाओं में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार निरंतरता दिखाई। 40 मीटर पुरुष वर्ग में उत्तर प्रदेश के शुभम ने गोल्ड मेडल जीता, जबकि असम के श्याम कानू राभा को सिल्वर और उत्तर प्रदेश के मनीष को ब्रॉन्ज मेडल मिला। 30 मीटर पुरुष वर्ग में भी शुभम (उत्तर प्रदेश) ने गोल्ड जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। सिल्वर रणविजय यादव (उत्तर प्रदेश) और ब्रॉन्ज चंदरमोहन सोरेन (झारखंड) के खाते में गया। पुरुष इंडिविजुअल एलिमिनेशन राउंड में असम के श्याम कानू राभा ने गोल्ड मेडल हासिल किया। छत्तीसगढ़ के विक्रम राज को सिल्वर और झारखंड के कुलदीप महतो को ब्रॉन्ज मेडल मिला, जो मेज़बान राज्य के लिए भी गर्व का क्षण रहा।

### महिला वर्ग में झारखंड और राजस्थान के तीरंदाज छाए

महिला वर्ग में झारखंड और राजस्थान की तीरंदाजों ने मजबूत दावेदारी पेश की। 40 मीटर महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश की वेदाक्षी तोमर ने गोल्ड जीता, जबकि झारखंड की बेबी कुमारी को सिल्वर और लक्ष्मी कुमारी (झारखंड) को ब्रॉन्ज मेडल मिला। 30 मीटर महिला वर्ग में राजस्थान की प्रतिभा कंडारा ने गोल्ड पर निशाना साधा। असम की हिमानी बसुमतारी को सिल्वर और झारखंड की बेबी कुमारी को ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुआ। महिला इंडिविजुअल एलिमिनेशन राउंड में भी राजस्थान की प्रतिभा कंडारा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। हरियाणा की पायल को सिल्वर और झारखंड की बेबी कुमारी को ब्रॉन्ज मेडल मिला।

### कड़ा मुकाबला तीरंदाजों में

टीम और मिक्स्ड टीम इंडियन राउंड मुकाबलों में उत्तर प्रदेश, झारखंड, मणिपुर, तेलंगाना और राजस्थान की टीमों ने दमदार खेल दिखाया। कई मुकाबले बेहद करीबी रहे, जिससे प्रतियोगिता का रोमांच चरम पर रहा।

### ये राज्य रहे सबसे आगे

इंडियन राउंड की मेडल टैली पर नजर डालें तो उत्तर प्रदेश सर्वाधिक गोल्ड और कुल पदकों के साथ शीर्ष पर, झारखंड महिला और टीम इवेंट्स में मजबूत प्रदर्शन, असम और राजस्थान की व्यक्तिगत स्पर्धाओं में प्रभावशाली मौजूदगी रही।




## नए साल पर अपनों को भूलकर भी न दें ये चीजें, पड़ सकती है रिश्तों में दरार



किसी के प्रति अपना प्यार या सम्मान व्यक्त करने के लिए सबसे अच्छा तरीका उसे उपहार देना माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि उपहार देने से रिश्ते और मजबूत होते हैं। ऐसे में यदि आप भी नए साल पर अपने किसी प्रियजन को उपहार देना चाहते हैं तो ज्योतिष के कुछ नियमों को जरूर जान लें।

कुछ ही दिनों बाद साल 2024 खत्म होने वाला है और साल 2025 का आगाज हो जाएगा। नए साल के आते ही बधाइयों का सिलसिला शुरू हो जाता है। साथ ही लोग नए साल पर अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को उपहार भी देते हैं। किसी के प्रति अपना प्यार या सम्मान व्यक्त करने के लिए



सबसे अच्छा तरीका उसे उपहार देना माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि उपहार देने से रिश्ते और मजबूत होते हैं। ऐसे में यदि आप भी नए साल पर अपने किसी प्रियजन को उपहार देना चाहते हैं तो ज्योतिष के कुछ नियमों को जरूर जान लें। दरअसल, ज्योतिष के जानकारों का मानना है कि कुछ चीजों को कभी भी उपहार के रूप में नहीं देना चाहिए। ऐसा करने से धिरे-धिरे रिश्ते की मिठास कम होने लगती है। तो चलिए जानते हैं ऐसी कौन सी चीजें हैं जिन्हें नए साल पर किसी को गिफ्ट में नहीं देना चाहिए...

### जूते-चप्पल

कभी किसी को उपहार के रूप में जूते या चप्पल नहीं देना चाहिए क्योंकि जूते चप्पल दरिद्रता का प्रतीक माने जाते हैं। ये चीजें गिफ्ट में देने से दरिद्रता कभी पीछा नहीं छोड़ती है।

### घड़ी और रुमाल

यदि आप नए साल के अवसर पर घड़ी या रुमाल गिफ्ट में देना चाहते हैं तो ऐसा बिल्कुल भी न करें। ऐसी मान्यता है कि रुमाल देने से नकारात्मकता बढ़ती है और रिश्तो में गलतफहमी पैदा होती है। वहीं किसी को घड़ी देने से अच्छा समय भी खराब होने लगता है।

### नुकीली चीज

किसी को गिफ्ट देते समय ध्यान रखें कि उसमें कोई भी नुकीली चीज ना हो। ज्योतिष के जानकारों के अनुसार नुकीली चीज गिफ्ट में देने से रिश्तों में धोखा मिलता है। वहीं आपको भी ऐसी चीजें उपहार में मिलें तो इन्हें किसी को दान दे दें। भूल से भी अपने पास न रखें।

### पर्स या बैग

पर्स या बैग भी किसी को उपहार में नहीं देना चाहिए। ऐसा करने से हमारी आर्थिक स्थिति खराब हो सकती है।

### देवी-देवताओं की मूर्तियां

भगवान की मूर्तियां किसी को उपहार में देने से बचना चाहिए। अगर आप ऐसा करते हैं तो भगवान आपसे नाराज हो सकते हैं।

### मनी प्लांट

कभी भी किसी को मनी प्लांट उपहार में नहीं देना चाहिए और न ही किसी से लेना चाहिए। अगर आप ऐसा करते हैं तो आपको आर्थिक तंगी से जूझना पड़ सकता है।



## अंडर-19 क्रिकेट में बीसीए की शानदार जीत



■ सीएससीएस अंडर-19 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला राउंड

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत पहले राउंड के तीसरे दिन रोमांचक मुकाबले हुए। धमतरी में टीम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन विरुद्ध बीएसपी के बीच मुकाबले में बल्लेबाजी करते हुए बीएसपी टीम पहली पारी और 68 रन पर आउट हो गई। नीलांजल ने 23 रन और सक्षम सिन्हा ने 15 रन बनाएं। गेंदबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के साहित्य कुमार साहू ने 5 विकेट, आयुष कुमार सिंह ने तीन विकेट, चंद्र भूषण एवं रुद्र नारायण ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन टीम पहली पारी में 124 रन पर आउट हो गई। चंद्र भूषण साहू ने 51 रन, रुद्र नारायण वर्मा ने 23 रन और कप्तान बी. इशांत राव ने 18 रन बनाएं। गेंदबाजी में बीएसपी के अभ्युदयकुमार सिंह ने छह विकेट प्रकशाल जैन ने दो विकेट और नितांत सिंह ने एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में बीएसपी दूसरी पारी 205 रन पर आउट हो गई। प्रकशाल जैन ने नाटआउट 49 रन और अभ्युदय कुमार सिंह ने 36 रन बनाए। कप्तान नितांत सिंह ने 27 रन, आयुष्मान तिवारी ने 19 रन और अभिषेक शुक्ला ने 17 रन बनाए। गेंदबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन की दूसरी पारी में आयुष कुमार सिंह ने 3 विकेट, रुद्र नारायण वर्मा और चंद्र भूषण साहू ने दो-दो विकेट, साहित्य कुमार शेखर सिंह एवं वी इशांत राव ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन ने दूसरी पारी आठ विकेट पर 150 रन बनाए। कप्तान वी इशांत राव ने 41 रन, शुभम सिंह ने 24 रन, चंद्रभूषण ने 13 रन एवं आयुष कुमार सिंह नॉट आउट 11 रन बनाए। इस प्रकार भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन की टीम ने यह मैच दो विकेट से जीता एवं 6 अंक प्राप्त किए। दल्ली राजहरा में टीम राजनांदगांव विरुद्ध रायपुर के मैच में रायपुर ने पांच विकेट से जीत हासिल की और 6 अंक प्राप्त किए। बल्लेबाजी में राजनांदगांव टीम दूसरी पारी तीन विकेट पर 46 रन से आगे खेलते हुए 119 रन बनाकर आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायपुर ने दूसरी पारी पांच विकेट पर 115 रन बनाए।

## घर में इन पक्षियों की तस्वीरें लगाना हो सकता है शुभ, दिखने लगेगा फर्क



वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में वास्तु दोषों से छुटकारा पाने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय करते हैं। अगर आप भी घर में सुख-शांति और आर्थिक स्थिति को ठीक करने के कुछ उपाय ढूंढ रहे हैं, तो आप दो पक्षियों की तस्वीर अपने घर में लगा सकते हैं।

### इन दो पक्षियों की तस्वीर

ज्योतिषाचार्य के अनुसार, अगर घर में आर्थिक समस्या चल रही है और लगातार कर्ज लेने की स्थिति बन रही है, तो यह वास्तु दोष के लक्षण हो सकते हैं। इससे बचने के लिए आप घर की दीवार पर मोर पंख और नीलकंठ इन दो पक्षियों की तस्वीर लगा सकते हैं। वास्तु शास्त्र में इन दोनों पक्षियों की फोटो घर में लगाना बेहद शुभ माना जाता है। मोर माता लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। वहीं, नीलकंठ माता दुर्गा का प्रतीक है। इन दो पक्षियों की तस्वीर घर में रखने से आर्थिक संकट दूर होते हैं। इसके साथ ही वास्तु दोषों से भी छुटकारा मिल सकता है। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहती है।

### किस दिशा पक्षियों की तस्वीर लगाना शुभ?

ज्योतिषाचार्य के अनुसार, नीलकंठ की तस्वीर को हमेशा प्रवेश द्वार पर या घर की पूर्व दिशा में लगाना शुभ माना जाता है। इससे आपके घर में सुख-समृद्धि आती है। आर्थिक उन्नति के साथ-साथ घर की परेशानी भी दूर हो सकती है। अगर आप घर से निकलते वक्त नीलकंठ या मोर की तस्वीर देखते हैं, तो सभी कार्य पूर्ण होंगे। जॉब की तलाश में जा रहे हैं तो इसे देखने से शुभ परिणाम मिल सकते हैं।

## कार्नर न्यूज

## सेहत सबसे बड़ी पूंजी, इसे जरूर सहेजें

साल 2025 का काउंटडाउन शुरू हो गया है, कुछ ही दिनों में हम 2025 में प्रवेश करने जा रहे है। इससे पहले अगर साल 2024 पर एक नजर डालें तो पता चलता है कि ये पूरा साल हमारी सेहत के मामले में कई तरह से काफी चुनौतीपूर्ण रहा है। पूरे साल कई प्रकार का संक्रामक बीमारियों, हृदय रोग, मच्छरजनित रोगों सहित कई बीमारियों ने समय-समय पर मुश्किलें बढ़ाईं। हम भले ही एक नए साल की तरफ बढ़ रहे हैं पर ये चुनौतियां अभी कम नहीं हुई हैं। इनका खतरा अब भी बना हुआ है। अध्ययनों से पता चलता है कि कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं, पर्यावरणीय दिक्कतों के कारण हमारी सेहत पर बहुत नकारात्मक असर हुआ है, लिहाजा कम उम्र में ही लोग न सिर्फ गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं, साथ ही मौत का खतरा भी बढ़ा है। इस दिशा में विशेष प्रयास की आवश्यकता है। अगर आप भी बीमारियों से बचाव करते हुए स्वस्थ और लंबी आयु चाहते हैं तो नए साल में कुछ विशेष सुधार की आवश्यकता है। आइए इस बारे में जानते हैं।

# चाहते हैं स्वस्थ और लंबी आयु तो नए साल में गांठ बांध ले खास बातें, रहेंगे चिंतामुक्त और सेहतमंद



### न्यू ईयर रेजोल्यूशन

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, स्वस्थ जीवन के लिए सबसे आवश्यक है कि हम सभी अपनी इम्युनिटी को मजबूत करने के लिए प्रयास करें। ये सतत प्रक्रिया है जिसका मतलब है कि प्रतिरोधक क्षमता को निर्मित करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना जरूरी है। पौष्टिक आहार और नियमित व्यायाम करने से आपकी जीवन प्रत्याशा बढ़ सकती है। लाइफस्टाइल में कुछ आवश्यक बदलाव करके आप लंबी आयु पा सकते हैं। कम उम्र से ही इसके लिए प्रयास शुरू कर देना आवश्यक है, ये आपके लिए न्यू ईयर रेजोल्यूशन भी है।

### आहार में प्लाट-बेस्ड चीजों-नट्स को करें शामिल

शोधकर्ता बताते हैं, फलों-सब्जियों, नट्स-सीड्स, साबुत अनाज और बीन्स जैसे विभिन्न प्रकार के पौधों पर आधारित खाद्य पदार्थों का सेवन करने से बीमारी का खतरा कम हो सकता है और आप दीर्घायु होते हैं।

अध्ययनों में पाया गया है कि प्लाट-बेस्ड आहार, समय से पहले मौत के जोखिम को कम करने के साथ कैंसर, मेटाबॉलिक सिंड्रोम, हृदय रोग, अवसाद जैसी बीमारियों से बचा सकते हैं। इसी तरह आहार में नट्स को जरूर शामिल करें। ये प्रोटीन, फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि जो लोग प्रति सप्ताह कम से कम 3 बार नट्स का सेवन करते हैं, उनमें समय से पहले मृत्यु का जोखिम 39% कम होता है।

### शारीरिक रूप से सक्रिय रहें

इसमें कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि शारीरिक रूप से सक्रिय रहने से आप स्वस्थ रह सकते हैं और आयु भी बढ़ती है। प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट का व्यायाम आपको दीर्घायु बनाने के लिए लाभकारी है। इससे समय से पहले मृत्यु का जोखिम भी 4% कम हो सकता है। अध्ययनों की समीक्षा में पाया गया कि व्यायाम करने वाले 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों में शीघ्र मृत्यु का जोखिम 22 फीसदी तक कम देखा गया है। स्वास्थ्य पर ध्यान देना आपकी जरूरत है।

### धूम्रपान-शराब से बिल्कुल दूरी

धूम्रपान न सिर्फ कई प्रकार की गंभीर बीमारियों को बढ़ाता है, ये समय से पहले मृत्यु का कारक भी है। शोधकर्ताओं ने पाया कि धूम्रपान करने वालों में समय से पहले मरने की आशंका तीन गुना अधिक हो सकती है। समीक्षा अध्ययन में पाया गया है कि 40 साल की उम्र से पहले तंबाकू छोड़ने से इसके कारण होने वाली मृत्यु जोखिमों को कम किया जा सकता है। इसी प्रकार से शराब का सेवन लिवर, हृदय और अग्न्याशय की बीमारी को बढ़ा सकता है साथ ही इससे शीघ्र मृत्यु का खतरा भी बढ़ जाता है।



# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### 2026 में 'एंडगेम' रचेगी इतिहास, दो नई मेगा फिल्मों के बीच होगी री-रिलीज



मार्वल यूनिवर्स की ओर से अगले साल बड़ा धमाल होने जा रहा है। जी हां, साल 2026 में मार्वल की तीन बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं। मार्वल सि ने मै टि क यूनिवर्स एक बार फिर दुनिया भर के दर्शकों को रोमांच से भरने की तैयारी कर चुकी है। सुपरहीरो फिल्मों की दुनिया में अपनी अद्वितीय पहचान बना चुकी अवेंजर्स एंडगेम अब 2026 में दोबारा थिएटरों में वापसी करने जा रही है। जी हां, मार्वल अपने गोल्डन एरा को फिर से जीवंत करने के इरादे के साथ उतरा है और 2026 को सुपरहीरो कहानियों का सबसे बड़ा साल बनाने की रणनीति तैयार हो चुकी है।

मार्वल ने आधिकारिक घोषणा करते हुए बताया है कि अवेंजर्सः एंडगेम की री-रिलीज 25 सितंबर 2026 को की जाएगी। 2019 में रिलीज हुई यह फिल्म विश्वभर में करोड़ों फैंस से जुड़ी है। अपनी दिल दहला देने वाली कहानी, सुपरहीरो टीमअप और इमोशनल पडावों के कारण एंडगेम को काफी पसंद किया गया था। री-रिलीज के पीछे मार्वल का उद्देश्य न केवल नए दर्शकों को इस क्लासिक फिल्म से जोड़ना है, बल्कि पुराने फैंस को भी वह एहसास दोबारा देने का है, जिसने 2019 में सिनेमाघरों को हाउसफुल कर दिया था। मार्वल का 2026 का कैलेंडर इस बात का प्रमाण है कि मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स एक नए सुपरहीरो युग की शुरुआत करने वाला है। जुलाई से दिसंबर तक के तीन महीनों में तीन बड़ी रिलीज दर्शकों के सामने होंगी- स्पाइडरमैनः ब्रैंड न्यूज डे अगले साल 31 जुलाई को रिलीज होगी। अवेंजर्स एंडगेम 25 सितंबर को रि-रिलीज हो रही है।

## टॉलीवुड

### जूनियर एनटीआर के पर्सनालिटी राइट्स को मिली सुरक्षा, कोर्ट ने दिया प्रोटेक्टिव ऑर्डर



कई एक्टर्स इन दिनों अपने पर्सनालिटी राइट्स को लेकर कोर्ट का रूख कर रहे हैं। दिल्ली हाई कोर्ट ने साउथ एक्टर जूनियर एनटीआर के पर्सनालिटी राइट्स को लेकर एक प्रोटेक्टिव ऑर्डर दिया है। कोर्ट ने एक्टर के पर्सनालिटी राइट्स को लेकर प्रोटेक्टिव ऑर्डर दिया है। इससे डिजिटल एरा में उनके पर्सनालिटी राइट्स की सुरक्षा हो सकेगी। इस बात के लिए जूनियर एनटीआर ने कोर्ट को शुक्रिया कहा है।

जूनियर एनटीआर ने अपने एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर लिखा, 'मैं माननीय दिल्ली हाई कोर्ट को धन्यवाद देना चाहता हूं। कोर्ट ने मेरे पर्सनालिटी राइट्स को लेकर प्रोटेक्टिव ऑर्डर दिया है, इसके लिए आभारी हूं। यह ऑर्डर आज के डिजिटल युग में मेरे पर्सनालिटी राइट्स की रक्षा करता है। सुप्रीम कोर्ट के वकीलों डॉ. बालाजानकी श्रीनिवासन और डॉ. अलका डाकर, साथ ही मिस्टर राजेंद्र और राइट्स एंड मार्क्स की टीम को उनके कानूनी सहयोग के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।'

जूनियर एनटीआर ही नहीं पर्सनालिटी राइट्स वाले मामले में कई एक्टर्स को कोर्ट की तरफ से राहत मिली है। इन एक्टर्स के पर्सनालिटी राइट्स की सुरक्षा को कोर्ट ने सुनिश्चित किया है। इस लिस्ट में अक्षय कुमार, ऐश्वर्या राय, एक्टर चिरंजीवी जैसे कई नाम शामिल हैं। कई और एक्टर्स भी कोर्ट में इसी तरह की याचिका डाल रहे हैं, जिससे उनकी पर्सनालिटी राइट्स की सुरक्षा हो सके।

पिछले साल जूनियर एनटीआर फिल्म 'देवरा पार्ट वन' में नजर आए। इस साल उन्होंने ऋतिक रोशन की फिल्म 'वॉर 2' की थी। इस फिल्म से जूनियर एनटीआर ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था। जबकि वह साउथ फिल्मों के सुपरस्टार हैं।

## भोजपुरी

### 'बाबुल की दुआएं' छा गई, भावुक दर्शक बोले- आखिर में रुला दिया



भोजपुरी की नई फिल्म 'बाबुल की दुआएं' 27 दिसंबर को यूट्यूब पर रिलीज हो गई है और इसकी खूब चर्चा हो रही है। भोजपुरी के फैंस फिल्म देखने के बाद भावुक हो गए तारीफ करते नहीं थके। रिलीज के 14 घंटों में इसे 2.5 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है। कहानी बेहद मार्मिक है और सीधे दिल पर वार करती है। 'बाबुल की दुआएं' का ट्रेलर रिलीज होने के बाद से भी भोजपुरी के फैंस के बीच इस फिल्म का बेसब्री से क्रेज देखा जा रहा था।

'बाबुल की दुआएं' की कहानी एक मां की है, जिसके पति की मौत हो चुकी है और अब सारा भार उसके कंधों पर है। उसे अकेले ही दो बेटियों परवरिश करनी पड़ती है और समाज के ताने भी झेलने पड़ते हैं। हर मुश्किल और लोगों के तानों से लड़ते हुए वो मां दोनों बेटियों को पालती है और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए किसी भी हद तक चली जाती है। बेटियों की शादी जैसा बड़ा फैसला भी उसे खुद ही लेना पड़ता है और तब वह बुरी तरह टूट जाती है। लेकिन हालातों से दबने या डरने के बजाय वो मां बेटियों के साथ डटकर खड़ी होती है। इस फिल्म में काजल यादव और आकाश यादव लीड रोल में हैं। फिल्म को अजय कुमार झा ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में बंधू खन्ना, संगीता श्रीवास्तव, माया यादव,प्रेम दुबे, स्वीटी सिंह, संतोष श्रीवास्तव, प्रिया वर्मा, पायस पंडित, विनोद मिश्रा और अंशु तिवारी जैसे कई और कलाकार भी हैं। फिल्म की कहानी सत्येंद्र सिंह ने लिखी है और म्यूजिक ओम झा ने दिया है।

## लाइफ स्टाइल

### हैरिस की उड़ान



जाने माने डिजाइनर हैरिस रीड को मैंस फैशन में सर्वाधिक लोकप्रियता हासिल है। उनका हालिया कलेक्शन एक मरमेड ड्रेस है जिसमें किसी भी बॉडी टाइप के लिए काफी स्ट्रेच है। हैरिस कहते हैं-यह जेंडर फ्लूइड हैं और वह जेंडर रोल को खत्म करने की उम्मीद करते हैं। हैरिस की सलाह है कि उन पुरुषों को इसे जरूर अपनाना चाहिए, जो अभिनव प्रयोगों को पसंद करते हैं।

## सफेद मोजे नीचे से हो गए हैं काले तो करें ये उपाय

सफेद मोजे को धोने में हर कोई परेशान हो जाता है, क्योंकि इनके तलवों के जिद्दी दाग आसानी से जाते नहीं है। अगर आप उन्हें रगड़ेंगे या फिर ब्रश का प्रयोग करेंगे, तो मोजे खराब हो सकते हैं। ऐसे में लोग सफेद मोजो पर लगे काले निशान साफ नहीं कर पाते और वह कुछ टाइम प्रयोग करने के बाद फेंक देते हैं। सफेद मोजों पर नीचे की तरफ लगे काले निशान को साफ करने के लिए आप बेकिंग पाउडर का इस्तेमाल कर सकती हैं।

इसकी मदद से दाग आसानी से निकल जाएंगे। लेकिन इससे साफ करने से पहले आपको गंदे मोजों को 2 घंटे तक पानी में भिगो कर रखना होगा। इस प्रोसेस को करने के लिए सबसे पहले एक बर्तन में दो चम्मच बेकिंग पाउडर मिलाएं। इसके बाद पानी में डिटर्जेंट पाउडर मिलाकर, 2 घंटे के लिए गंदे मोजों को भीगे रहने के लिए छोड़ दें। इसके बाद जब आप इन मोजों को हाथ से हल्के हाथ से रगड़ेंगे, तो आप देखेंगे कि मोजों से दाग आसानी से उतरने लगा है। अगर पूरी तरह से दाग नहीं उतरता है, तो फिर आप मोजों को सिरके के पानी में भी भिगो कर रख सकती हैं। यकीन मानिए इस प्रोसेस को करने के बाद दाग आसानी से छूट जाएंगे।

साथ ही, मोजे चमकदार और मुलायम भी लगेंगे।



तलवों पर लगे दाग को साफ करने के लिए नींबू का प्रयोग करना सबसे आसान है। इसके लिए आपको सबसे पहले एक बर्तन में 2 से 3 ग्लास पानी गर्म करना है। आप उतना पानी गर्म करें, जिसमें मोजे आसानी से धुल जाएं। अब आप 3 नींबू को काटकर इसके रस को पानी में डाल दें। इसके साथ आप बर्तन धोने के लिक्विड की 6 से 7 बूंदे इसमें डालें। अब मोजों को इस गर्म पानी के घोल में 20 मिनट तक छोड़ दें। इसके बाद आप मोजों को पानी से निकालें और हल्के हाथों से रगड़ें। ऐसा करने पर आप देखेंगे कि मोजों के तलवे बिल्कुल चमकने लगे हैं।

## पार्टी में स्टाइल करें ये वेस्टर्न आउटफिट्स, लगेंगी खूबसूरत





न्यू ईयर पार्टी के लिए हर कोई रेडी है। कई सारे ऑफिस ऐसे होते हैं जहां पार्टी रखी जाती हैं। वहां पर हर कोई अच्छे से ड्रेस होकर आता है ताकि वो खूबसूरत दिख सके। खासकर लड़कियां क्योंकि वो साल की आखिरी पार्टी में सबसे सुंदर दिखने के लिए पहले से ही आउटफिट प्लानिंग करती रहती हैं। लेकिन इसके बाद भी क्या स्टाइल किया जाए इस बात को लेकर हमेशा कंन्फ्यूज रहती हैं। इसी कन्फ्यूजन को दूर करने के लिए आप यहां बताए गए आउटफिट्स को वियर कर सकती हैं। इसमें आप काफी सुंदर नजर आएगी।

### व्हाइट पैंट सूट करें स्टाइल



अगर आपको पार्टी में थोड़ा प्रोफेशनल लुक क्रिएट करना है तो इसके लिए बेस्ट है कि आप व्हाइट पैंट सूट स्टाइल करें। जैसा इस फोटो में हिना खान ने वियर किया है। इसमें वो काफी सुंदर लग रही हैं। इसे बुटीक बाय सांची द्वारा डिजाइन किया गया है। आप मार्केट से इस तरीके के आउटफिट्स खरीदकर ऑफिस पार्टी में स्टाइल कर सकती हैं और परफेक्ट लग सकती हैं। इसके साथ पर्ल डिजाइन वाले इयररिंग्स और बोल्ड मेकअप से लुक को परफेक्ट तरीके से कंप्लीट कर सकती हैं।

### जंपसूट करें वियर

अगर आपको कम्फर्टेबल दिखना है तो इसके लिए आप पार्टी में जंपसूट वियर कर सकती हैं। इसमें काफी अच्छे डिजाइन (ओवरसाइज आउटफिट स्टाइल करने का तरीका) मिल जाते हैं। दिया मिर्जा ने भी इस फोटो में जंप सूट को वियर किया हुआ है जो गोल्डन कलर का है और प्रिंट वर्क हुआ है। इस जंपसूट को ऋतु कुमार द्वारा डिजाइन किया गया है। आप भी इस तरह के जंपसूट को ऑफिस पार्टी में स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में ये आपको 500 से 1000 रुपये में मिल जाएंगे। अगर आपको कुछ नए ट्रेंड के आउटफिट को स्टाइल करने का मन है तो इसके लिए आप लॉन्ग गाउन को स्टाइल कर (आउटफिट स्टाइल टिप्स) सकती हैं। इसें आजकल आपको ज्यादा प्लीट्स वाले गाउन मिलेंगे। जिसे आप पार्टी में वियर कर सकती हैं। इसके साथ ज्वेलरी भी एड कर सकती हैं।

## सर्दी में टीशर्ट पहनिए और लुक पर पाइए फुल मार्क

अलमारी में रखी आपकी टीशर्ट अब पहनने का मौका ही नहीं मिलता है? क्योंकि सर्दी के मौसम में टीशर्ट का क्या काम, पिछले कई महीनों से ये बस रखी हैं। अगर ऐसा आपके साथ भी है तो अब ऐसा मत कीजिएगा क्योंकि टी शर्ट को सर्दी में भी कई तरह से पहना जा सकता है। ये वो तरीके हैं, जो आपको सर्दी में भी टीशर्ट के साथ हैंडसम दिखाएंगी-

### कोट करेंगे आपकी मदद

इस वक्त कोट तो पहने ही जा सकते हैं। आप भी इन्हें अपने लुक में शामिल करते होंगे लेकिन अब कोट लुक में टीशर्ट को भी शामिल कर लीजिए। इसमें आपको जींस का साथ मिल जाए तो बिल्कुल एलीगेंट लुक आपको मिल जाएगा। आप लॉन्ग कोट के साथ जींस और अपनी पसंद की टी शर्ट पहनिए। इस वक्त रंगों के कॉम्बिनेशन का ध्यान रखें।

### कस्टम मेड टीशर्ट हैं तो

अगर आपके पास कस्टममेड टीशर्ट हैं तो आप इनको कोट के साथ पहनकर सिंपल लुक पा



सकते हैं। लेकिन इस लुक को स्नीकर के साथ मैच करके पूरा किया जाए तो सबकुछ परफेक्ट हो जाएगा।

### ओवर साइज टीशर्ट का फैशन

ओवरसाइज टीशर्ट का फैशन पिछले लंबे समय से चल रहा है तो आपके पास भी ये जरूर होंगी। इनको भी विंटर फैशन में शामिल किया जा सकता है। इन टीशर्ट के साथ आपको स्पोर्टी लुक मिल सकता है।इसके साथ आप लेगिंग स्टाइल पैंट पहनें और साथ में मनपसंद जैकेट भी। स्टाइलिश स्नीकर हों तो और भी अच्छा। टीशर्ट लेयरिंग में काफी काम आती है। इनको आप डेनिम शर्ट के साथ पहनें और ऊपर से जैकेट या लॉन्ग कोट पहन लें।

## इस मौसम में स्टाइल करें बूट्स, दिखेगा जलवा

पार्टी में जाना हर किसी को पसंद होता है। इसलिए लोग पहले से ही इस चीज की प्लानिंग करते रहते हैं। किसी को अपने लिए अच्छी ड्रेस खरीदनी होती है तो किसी को जरूरत होती है कम्फर्टेबल फुटवियर की इसलिए वो ड्रेस के साथ पहनने के लिए अलग-अलग डिजाइन के फुटवियर को लेते हैं। लेकिन जब बात आती है पार्टी की तो इसके लिए हमें कुछ तो स्टाइलिश लेना पड़ेगा। इसके लिए आप बूट्स को वियर कर सकती हैं। ये हर एक ड्रेस के साथ अच्छे लगते हैं और सर्दियों के लिए बेस्ट होते हैं।



### जींस के साथ स्टाइल करें

पार्टी में कई सारी लड़कियां होती हैं जो जींस और टॉप वियर करना पसंद करते हैं। इसके साथ भी आप बूट्स को वियर कर सकती हैं। इसके लिए लॉन्ग या शॉट दोनों तरह के बूट्स को खरीदें और स्टाइल करें। इसमें आपको अलग-अलग कलर ऑप्शन भी मिल जाएंगे। जिसे आप जींस के कलर से मैच करके वियर कर सकती हैं। मार्केट में आपको ये बूट्स 1000 से 2000 रुपये में मिल जाएंगे।

### ड्रेस के साथ स्टाइल करें

ड्रेस के साथ भी बूट्स अच्छे लगते हैं इसलिए आप इन्हें भी वियर कर सकती हैं। इससे लुक और ज्यादा (फुटवियर डिजाइन) स्टाइलिश लगता है। लेकिन ड्रेस के नीचे पहनने के लिए आप हमेशा लॉन्ग बूट्स को खरीदें। ऐसा इसलिए क्योंकि इसको पहनने से पहले आप गर्म स्टॉकिंस पहन सकती हैं फिर बूट्स स्टाइल कर सकती हैं। इससे आपको ठंड भी नहीं लगेगी और लुक खराब भी नहीं लगेगा। मार्केट में ऐसे बूट्स आपको 1000 से 2000 रुपये में मिल जाएंगे।

### लॉन्ग कोट ड्रेस के साथ वियर करें

पार्टी में लड़कियां सबसे ज्यादा वेस्टर्न आउटफिट्स पहनना पसंद करती हैं इसलिए जरूरी है कि आप भी अपने लॉन्ग (न्यू शूज) कोट ड्रेस के साथ इन्हें स्टाइल करें। इसके लिए आप शॉट बूट्स को वियर कर सकती हैं। इसमें आपको हील्स जरूर लेनी चाहिए।

## कार्नर न्यूज

### अधिकतर दूल्हों से हो जाती हैं कुछ गलतियां, टिप्स जानना जरूरी

# दूल्हा बन रहे हैं तो कीजिए कुछ खास तैयारी इन फैशन मिस्टेक से तो जरूर बच कर रहें

विंटर वेडिंग फैशन मिस्टेक करने वाले शादी के महंगे कपड़ों में भी स्टाइलिश नहीं दिख पाते। फैशन मिस्टेक के कारण उनका वेडिंग लुक बिगड़ जाता है, जबकि लड़कियां (दुल्हन) इन बातों का ख्याल रखती हैं।इस वजह से केवल लुक ही नहीं बिगड़ता बल्कि ठंड भी लगने लगती है, जिससे कई बार शादी का मजा किरकिरा हो जाता है। फिर ठंड में जैसे-तैसे शादी की रस्म निभानी पड़ती है। इसलिए हम यहां पर विंटर वेडिंग फैशन से जुड़ी कुछ खास बातों को जान लेते हैं। इससे किसी भी दूल्हे को परफेक्ट लुक मिल सकता है और ठंड से भी बचा जा सकता है।

### गलत फैब्रिक की ड्रेस

कपड़े हमेशा सीजन के हिसाब से खरीदने चाहिए। हर मौसम के अनुसार फैब्रिक पहनना चाहिए। जैसे- गर्मी के मौसम में कॉटन के कपड़े। मगर कई लड़के सर्दी के मौसम में भी फैब्रिक की पहचान किए बगैर ही कपड़े खरीद लेते हैं। इस वजह से उनको परेशानी होती है। जैसे- ठंड लगना, अनकंफर्ट फील करना आदि।इसलिए सर्दी के मौसम



में शादी करने वाले लड़कों को अपने लिए हल्के वुलेन, नायलॉन, पॉलिस्टर जैसे फैब्रिक के बनी ड्रेस पहननी चाहिए। लेकिन कई लोग इस बात को भूलकर केवल डिजाइन और स्टाइल का ध्यान रखकर ही ड्रेस खरीद लेते हैं। इससे उनका लुक भी बिगड़ जाता है। वेडिंग ड्रेस की शॉपिंग करते वक्त इन बातों का ख्याल रखना चाहिए।

### गलत डिजाइन की वेडिंग ड्रेस

हर मौसम के हिसाब से कपड़े बनाए जाते हैं। उसी तरह सर्दी के मौसम में हमें कुछ बातों का ख्याल रखकर कपड़े पहनने चाहिए। जैसे- ठंड के मौसम में धोती-कुर्ते की बजाय वेस्टर्न ड्रेस, शेरवानी आदि पहनें। धोती-कुर्ते में सर्दी अधिक लगती है। साथ ही इसके अंदर पहने जाने वाले गर्म कपड़े भी नजर आने लगते हैं।

### अधिक गर्म कपड़े पहनना

कई लोग गलत डिजाइन और फैब्रिक की ड्रेस खरीद लेते हैं। इस वजह से वे सर्दी से बचने के लिए अंदर ऊनी कपड़े पहन लेते हैं। ऐसे में शरीर फूला हुआ दिखाई देता है। सर्दी से बचने के कारण यह बात उनको नजर नहीं आती लेकिन गेस्ट इस बात को नजरअंदाज नहीं कर पाते हैं। इससे बेहतर होगा कि अच्छी क्वालिटी के थर्मल पहनें।

### जूतों का गलत सिलेक्शन

कई दूल्हे सर्दी के मौसम में शेरवानी के साथ सूट या फॉर्मल ड्रेस के साथ पहने जाने वाले जूते पहन लेते हैं। क्योंकि उनको सर्दी के मौसम में पैरों को ठंड से बचाना होता है। इस वजह से भी उनका स्टाइल बिगड़ जाता है। इसलिए सही वेडिंग फुटवियर के साथ सॉक्स पहनें।

### दूल्हे की टोपी गलत चूज करना

दूल्हे की टोपी कान को ढंक नहीं पाती। फिर भी सर्दी के मौसम में कई लड़के ऐसी टोपी को पहने दिखते हैं। यह भी एक प्रकार की मिस्टेक ही है।इससे बचने के लिए सर्दी के मौसम में स्टाइलिश पगड़ी बांधें। इससे कान भी ढंके रहेंगे और स्टाइल भी मेंटेन रहेगी।

### स्टॉल का इस्तेमाल



ठंड के मौसम में शेरवानी या किसी वेडिंग ड्रेस के साथ स्टॉल का इस्तेमाल करना सही नहीं कहा जा सकता। इससे बेहतर होगा कि आप महंगे और डिजाइनर शॉल, वेलवेट स्टॉल का प्रयोग करें। कई लोग ऐसा करते हैं लेकिन वे मैचिंग नहीं कर पाते हैं।